भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 284 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 08 सितम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज**
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## आतंकियों ने कश्मीर में आम लोगों पर तेज किए हमले, गृहमंत्री अमित शाह की बड़ी बैठक; अधिकारियों को यह आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी एक बार फिर 90 के दशक की रणनीति अपनाते दिख रहे हैं। सुरक्षाबलों का सामना करने से खौफ खाने वाले आतंकवादियों ने निहत्थे आम लोगों को निशाना बनाना शुरू किया है। पिछले 5 दिनों में 7 नागरिकों की हत्या के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को घाटी के सुरक्षा हालात की समीक्षा की। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि एक घंटे तक चली बैठक के दौरान गृहमंत्री के



सामने केंद्र शासित प्रदेश और सीमांत राज्य के सुरक्षा हालात को लेकर प्रजेंटेशन दिया गया। उन्हें सॉफ्ट टारगेट को निशाना बनाने की आतंकियों की नई रणनीति और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता बनाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। सूत्रों के मुताबिक, शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन हत्याओं में शामिल लोगों को दबोचा जाए और आगे इस तरह की घटनाएं होने से रोकी जाएं। इसके बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर अरविंद कुमार ने अलग से बैठक की, जिसमें जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। श्रीगनर में गुरुवार को एक महिला प्रिंसिपल और एक टीचर को गवर्नमेंट स्कूल के अंदर नजदीक से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। पिछले पांच दिनों में सात आम नागरिकों की हत्या की गई है। इनमें से चार अल्पसंख्यक समुदाय के हैं और 6 हत्याएं ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में हुई हैं।

# भाजपा में बदलावः प्रधानमंत्री मोदी का नजरिया- सक्रिय राजनीति से संन्यास की उम्र तय होना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2014 में देश की जनता ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया उनके चेहरे वाली भाजपा को पूर्ण बहुमत दे दिया। देश में 30 साल बाद पूर्ण बहुमत की कोई सरकार बनी। इसके कुछ समय बाद ही दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पार्टी के कार्यक्रम में जब लालकृष्ण आडवाणी के बोलने की बारी आई तो अमित शाह ने आडवाणी के सामने से माइक की दिशा मोड़कर उन्हें डायस से ही बोलने का इशारा कर दिया था। स्टेडियम में बैठे तमाम लोगों ने तभी महसूस कर लिया था कि भाजपा के बदलने के दिन शुरू हो गए हैं। इसके बाद से आज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सक्रियता और पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा के चेहरे वाली भाजपा दृढ़ता के साथ धीरे-धीरे बदलती चली गई। पार्टी ने गुरुवार को अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है और



इसमें फिर संदेश दे दिया कि वह किसी विरासत, परंपरागत राजनीति और तौर तरीकों को ढोने की बजाय लगातार बदलाव, युवाओं, नए चेहरों को वरीयता देने में विश्वास रखती है। पार्टी ने अपने मुखर राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी, मुखर लोकसभा सदस्य वरुण गांधी और सख्त तेवर वाली नेता मेनका गांधी तथा राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले विनय कटियार को इससे बाहर कर दिया।

भाजपा के राजनीति के पंडितों को इसका काफी पहले से अनुमान भी था। भाजपा के पूर्व महासचिव संगठन (संजय जोशी) के करीबी का कहना है कि उन्हें इन चेहरों को बाहर किए जाने में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं लगता। उन्हें तो आश्चर्य इस पर है कि ऐसा इतने दिन बाद क्यों हुआ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के गठन में उम्र का ख्याल रखा। पार्टी ने वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में जगह दी। नई कार्यकारिणी में दोनों वरिष्ठ नेता और भाजपा के संस्थापक सदस्य का फिलहाल स्थान बना हुआ है। पहले ही कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने मंत्रिमंडल में पहला फेरबदल और विस्तार करना था। उनके मंत्रिमंडल के कई चेहरों को 75 साल की आयु का नाम सुनकर पसीना आ रहा था। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र भी तब केंद्र सरकार में मंत्री थे। न केवल कलराज मिश्र, बल्कि कई मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद प्रधानमंत्री ने दृढ़ता से सक्रिय राजनीति में आयुसीमा को आगे जारी रखा।

दूसरा बड़ा उदाहरण 2019 में टिकट बंटवारे का था। कई नेताओं के साथ यह छटपटाहट पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी को भी थी। आडवाणी के एक राजनीतिक सलाहकार नौ महीने से काफी संवेदनशील बने हुए थे, लेकिन एक दिन प्रधानमंत्री आडवाणी के घर गए। उनके बेटे जयंत आडवाणी को भी वहां पहुचने की सूचना दी गई और तय हो गया कि आडवाणी 2019 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

### पीएम के तोहफों की नीलामी

## नीरज चोपड़ा का भाला 1.5 करोड़ रुपए में बिका

**सरदार पटेल की मूर्ति के लिए सबसे ज्यादा बोलियां**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी के तोहफों की नीलामी के लिए रखी गई समयसीमा खत्म हो गई है। ऑनलाइन हुई नीलामी में लोगों ने जमकर बोलियां लगाईं। सबसे अधिक 140 बोलियां सरदार पटेल की मूर्ति के लिए मिली हैं तो टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मैडल विजेता नीरज चोपड़ा की ओर से पीएम मोदी को दी गई जैवलिन के लिए सबसे अधिक 1.5 करोड़ रुपए की बोली लगी है। अन्य जिन तोहफों के लिए सबसे अधिक बोलियां लगी हैं, उनमें गणेश जी की लकड़ी की मूर्ति (117), पुणे मेट्रो लाइन की स्मृति चिह्न (104) और विजय लौ स्मृति चिन्ह (98) शामिल हैं। नीरज चोपड़ा के जैवलिन के अलावा भवानी देवी की ऑटोग्राफ वाली फेंस की 1.25 करोड़ रुपए की बोली लगी है तो सुमित अंतिल के जैवलिन के लिए एक खरीदार 1.2 करोड़ रुपए देने को तैयार हुआ।

## पूर्व सीएम येदियुरप्पा के कार्यकाल में सिंचाई विभाग में हुआ घोटाला? आयकर विभाग ने बेंगलुरु में कई जगहों पर की छापेमारी

**बेंगलुरु,दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सीएम येदियुरप्पा के कार्यकाल में घोटाला हुआ था? इस बात के सबूत तलाशने के लिए आयकर विभाग की टीम ने बेंगलुरू में कई जगहों पर की छापेमारी की है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस छापेमारी के बाद कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को बेंगुलरु सहित कर्नाटक के कई स्थानों पर छापेमारी की।



बताया जा रहा है कि यह छापेमारी सिंचाई विभाग में कथित घोटाले को लेकर थी। कहा जा रहा है कि जिस वक्त विभाग में घोटाले की बात उजागर हुई थी उस वक्त बीएस येदियुरप्पा ही राज्य के मुख्यमंत्री थे और यह छापेमारी उस वक्त हुए कथिक स्कैम को लेकर ही हुई है।आयकर विभाग ने इस छापेमारी की पुष्टि की है, लेकिन विभाग ने छापेमारी से संबंधित जानकारियां उजागर करने से इनकार कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी सामानों के सप्लायर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और चाटर्ड अकाउंटेंट समेत कुछ अन्य लोगों के खिलाफ थी। उमेश नाम के एक कॉन्ट्रैक्टर के यहां भी छापेमारी की गई है और उसके बारे में बताया जा रहा है कि वो पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा और उनके बेटे का करीबी रहा है। छापेमारी का मुख्य निशाना सिंचाई विभाग के ठेकेदार थे जो उमेश के करीबी माने जा रहे हैं. इसके अलावा आयकर अधिकारियों ने कुछ चार्टर्ड एकाउंटेंट के घरों और कार्यालयों पर भी छापेमारी की है। इस छापेमारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एच विश्वास ने कहा कि इस छापेमारी का स्वागत है। एच विश्वास ने विभिनन्‍ सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। इसी साल जून के महीने में जेडीएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ ने भद्र अपर कैनार प्रोजेक्ट में बड़े घोटाले का अंदेशा जताया था।

## वरुण, मेनका समेत 5 नेता हुए भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से आउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को घोषित अपनी नई 80 सदस्यों वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति से वरुण गांधी समेत कुल पांच नेताओं की छुट्टी कर दी है। जिन पांच नेताओं को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति से बाहर किया गया है उसमें चौधरी बीरेंद्र सिंह, वरुण गांधी, मेनका गांधी, एसएस अहलूवालिया और सुब्रमण्यम स्वामी का नाम शामिल है। वरुण गांधी और चौधरी दोनों ही नेता कृषि आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार के आलोचक रहे हैं। यहां तक पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी पिछले साल हरियाणा के रोहतक जिले में एक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। वहीं, वरुण गांधी भी किसान आंदोलन को लेकर पिछले कुछ महीने से लगातार ट्वीट करते रहे हैं।

## लखीमपुर हिंसाः सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कितने गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा की सुनवाई गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई. इस हिंसा में चार किसान समेत आठ लोगों की मौत हुई थी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी जांच आयोग का गठन किया है.उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को घोषणा की कि उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग रविवार को लखीमपुर खीरी जिले में हुई हिंसा की जांच करेगा. इस हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी. यह घोषणा मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अगुवाई वाली सवोच्च न्यायालय की पीठ द्वारा एक महत्वपूर्ण सुनवाई से पहले हुई. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार



को उत्तर प्रदेश सरकार से लखीमपुर हिंसा मामले के आरोपियों के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा और साथ ही पूछा कि क्या आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है. अदालत ने कहा, ठहमें यह जानने की जरूरत है कि वे आरोपी कौन हैं जिनके खिलाफ आपने प्राथमिकी दर्ज की है और आपने उन्हें गिरफ्तार किया है या नहींठ सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया, ठआपने कितने लोगों को गिरफ्तार कियाठ कोर्ट ने उत्तर प्रदेश से शुक्रवार तक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

सवीच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से सभी पहलुओं पर रिपोर्ट मांगी है. न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने लखीमपुर हिंसा मामले का स्वतः संज्ञान नहीं लिया क्योंकि दो वकीलों ने एक याचिका दर्ज की थी. चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा, ठमुझे लगता है कि संवाद समस्या के कारण यह स्वतः संज्ञान हो गयाठ हिंसा में मारे गए आठ लोग रविवार को हुई हिंसा में चार किसान, एक पत्रकार और बाकी बीजेपी के कार्यकर्ता मारे गए थे. किसानों का आरोप है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा ने अपनी गाड़ी उन पर चढ़ा दी. किसानों पर गाड़ी चढ़ाने के कई वीडियो मीडिया में आए हैं और वीडियो में साफ दिख रहा है कि किसानों पर जानबूझकर गाड़ी चढ़ाई गई है।

# छत्तीसगढ़ः फूड पॉइजनिंग की वजह से 50 बच्चे सहित करीब 100 लोग बीमार

**महासमुंद (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में दशगात्र के कार्यक्रम में कथित रूप से भोजन करने के बाद लगभग सौ लोग बीमार हो गए हैं। बीमारों में ज्यादातर बच्चे हैं। महासमुंद जिले के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के अंशुला गांव में बुधवार को दशगात्र के कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भोजन करने के बाद करीब 100 लोग बीमार हो गए। बीमार हुए 50 बच्चों समेत 100 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। महासमुंद के जिलाधिकारी डोमन सिंह ने बताया कि बुधवार शाम को पिथौरा विकासखंड के अंशुला गांव में ग्रामीणों ने दिलीप साहू के घर में दशगात्र (व्यक्ति की मृत्यु के बाद दसवें दिन की रस्म) कार्यक्रम में भोजन किया था। जिले के अधिकारियों ने बताया कि दिलीप साहू शासकीय प्राथमिक विद्यालय, अंसुला के प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। दशगात्र के कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ प्राथमिक और



माध्यमिक शाला के बच्चों ने भोजन किया था।अधिकारियों ने बताया कि खाना खाने के दो-तीन घंटे के भीतर महिलाओं और बच्चों समेत करीब 100 लोगों ने बेचैनी और विषाक्त भोजन जैसे लक्षणों की शिकायत की जिसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने के लिए अस्पतालों का दौरा किया। साथ ही एक स्वास्थ्य दल को भी गांव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि 42 बच्चों और दो महिलाओं सहित 48 लोगों को पिथौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तथा 12 अन्य लोगों को साकरा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बीमार लोगों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

अधिकारियों ने बताया कि शेष अन्य ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि विषाक्त भोजन के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या स्कूली बच्चों को आमंत्रित करने पर साहू के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तब कलेक्टर सिंह ने कहा कि उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एनपीए पर सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका की खारिज, कहा- यह नीतिगत मामला है, आरबीआई के पास जाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बीजेपी सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की बैंकिंग क्षेत्र में एनपीए से संबंधित एक याचिका को सुनने से इनकार कर दिया है। याचिका को सुनने से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह नीति का मामला और कार्यकारी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र में आता है। स्वामी की ओर से दायर याचिका में बढ़ती गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के खतरे की जांच



के लिए दिशानिर्देश तैयार करने की मांग की थी। हालांकि, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, विक्रम नाथ और बीवी नागर्तन की पीठ ने स्वामी को आरबीआई के समझ यह मामला उठाने की अनुमति दे दी है, जो कि उचित दिशानिर्देशों में बदलाव करने पर विचार कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम लगातार बढ़ते एनपीए के लिए दिशानिर्देश कैसे तैयार कर सकते हैं। आरबीआई की ओर से समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। न्यायालय के लिए कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश करना संभव नहीं है। कोर्ट में खुद उपस्थित स्वामी ने कहा कि उनकी याचिका बैंकिंग क्षेत्र में लगातार बढ़ते एनपीए के मुद्दों से संबंधित हैं और इस अदालत को एक समिति का गठन करना चाहिए जो एनपीए में वृद्धि की जांच के लिए आवश्यक दिशानिर्देश सुझाएगी।

## तेज प्रताप को मिला सुशील मोदी का 'साथ', लालू को चैलेंज देकर सुमो ने आरजेडी के झगड़े पर ली चुटकी

**पटना (एजेंसी)।** राजद में तेज प्रताप को लेकर चल रही रार में भाजपा नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी की भी एंट्री हो गई है। सुशील मोदी ने तेज प्रताप की तारीफ करते हुए लालू यादव को चैलेंज किया औ? राजद के झगड़े पर चुटकी भी ली। तेज प्रताप को राजद से आउट बताने वाले शिवानंद तिवारी पर भी सुशील मोदी ने हमला बोला।

सुशील मोदी ने कहा कि जिस पार्टी में अब तक लालू प्रसाद के अलावा कोई अन्य राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हुआ और पतनी राबड़ी देवी सहित सभी 11 सदस्य एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर की हैसियत रखते हैं, उसमें परिवार के बाहर का कोई व्यक्ति बड़े बेटे और विधायक तेजप्रताप यादव की हैसियत को नकार कैसे सकता है?

मोदी ने कहा कि तेजप्रताप ने युवाओं में अपना एक समर्थक वर्ग तैयार किया है, जिससे पार्टी के पावर वार में उनसे प्रतिद्वंदता रखने वाले परेशान हो सकते हैं। मोदी ने राजद प्रमुख को चैलेंज करते हुए कहा कि लालू यादव में हिम्मत है तो वे तेजप्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित करके दिखाएं। तेज प्रताप को राजद से आउट बताने वाले शिवानंद तिवारी पर भी सुशील मोदी ने कड़ा प्रहार किया। मोदी ने कहा कि पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी



राजद के किसी भी पद पर हों, लेकिन उनके बयान का कोई मायने नहीं है। वह एक दल के राजनीतिक वारिस को खारिज करने वाले होते कौन हैं? कहा कि उनके जैसे लोग राजद में राजनीतिक अवसर देख कर आते-जाते रहे हैं। एक दिन पहले बुधवार को ही शिवानंद तिवारी ने कहा था कि तेज प्रताप राजद से खुद बाहर जा चुके हैं। उन्होंने अपना अलग संगठन खड़ा कर लिया है। इससे पहले गुरुवार को दिन में कांग्रेस नेता ने भी तेज प्रताप को लेकर अलग तरह का दावा किया। बिहार कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक राम ने तेजप्रताप यादव से मुलाकात की। इसके बाद दावा किया कि तेज प्रताप कुशेश्वरस्थान उपचुनाव में कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगे। कुशेश्वरस्थान से कांग्रेस ने अशोक राम के बेटे अतिरेक कुमार को मैदान में उतारा है। कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीट हसनपुर से सटी है। तेज प्रताप हसनपुर से ही विधायक हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कुशल व्यवहार में जांच कर दिया मिसाल

**उतरांव।** पुलिस ने पयागीपुर तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया पुलिस ने व्यवहार कुशलता पूर्वक चालकों से गाड़ी रुकवा कर जांच की। उतराव थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मय फोर्स पयागीपुर तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया।जिसमें महिला सिपाहियों ने व्यवहार कुशलता पूर्वक सभी चार पहिया वाहनों के चालकों से सभ्यता पूर्वक गाड़ी जांच करने की अपील की। वहीं पुलिस के व्यवहार से चालक गाड़ियों की जांच करा कर धन्यवाद देते हुए जमकर तारीफ की। पुलिस को बुरा भला कहने वाले एक कान खोल कर सुन ले पुलिस बुरी नहीं होती।पुलिस की जांच करने के तरीके से उपस्थित लोगों ने कुशल व्यवहार देखकर जमकर सराहना की। वहीं आ जा रहे राहगीर चालकों ने उतराव थानाध्यक्ष की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस उतरांव थानाध्यक्ष के निर्देशन में पुलिस का यह संदेश जनता के बीच एक अच्छा संदेश दे रहा है।

# फूलपुर में पीट-पीट कर की गई प्रेमी की हत्या

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** रात में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की गुस्साए परिजनों ने लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया वहीं सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर युवती के साथ ही उसके माता-पिता व अन्य चार लोगों को कोतवाली उठा लाई। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के उदईपुर गांव में बुधवार को युवती से मिलने पहुंचे रोहित कुमार 19 की लाठी व डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि युवक देर रात घर में दाखिल हुआ था। जिसकी भनक परिजनों को लग गई। वहीं घटना से गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर फूलपुर थाना प्रभारी राजकिशोर मय फोर्स पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने युवती के साथ ही उसके माता-पिता व अन्य चार लोगों को कोतवाली उठा लाई। वहीं कोतवाली पहुंचे मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक को धोखे से घर बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े परिजन व इन्सेट में मृतक की फोटो

# डेंगू के 13 पॉजिटिव मिले, प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को भी 13 लोग पॉजिटिव पाए गए। लोगों में संक्रमण की पुष्टि मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग ने की है। रिपोर्ट के मुताबिक जांच के लिए दो दर्जन से अधिक नमूने भेजे गए थे, जिसमें 13 में पुष्टि हुई है। इसमें आठ मामले शहर के हैं जबकि पांच ग्रामीण इलाकों में पॉजिटिव मिले हैं। मलेरिया विभाग ने इन इलाकों में डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई की तैयारी की है। मलेरिया विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को गंगानगर और सोरांव में दो-दो और भोला का पुरवा, मुंडेरा, छोटा बघाड़ा, स्टेनली रोड, मम्फोर्डगंज, ऊंचवागढ़ी, कोटवा-बनी, कोरांव में एक-एक व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे जिले में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 333 हो गई है। इसमें 95 ग्रामीण इलाकों के हैं जबकि 238 शहरी इलाके के हैं। जिला मलेरियाधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि बुधवार को चांदपुर सलोरी, रामचंद्र पुरवा, रम्मन का पुरवा, नैनी, खरकौनी, मेडिकल कॉलेज परिसर, एलआईसी कॉलोनी, गोविंदपुर, शिवपुरी, एमआईजी कॉलोनी, टीबी कॉलोनी, तेलियरगंज, भृगुलाल पेंट वाली गली, भोला का पुरावा, गोविंदपुर, एलआईजी कॉलोनी में एंटी लार्वा और पायरेथ्रम स्प्रे का छिड़काव कराया गया है।

## पूर्व विधायक दीपक पटेल ने सुनी लोगों की समस्याएं

**करछना।** पूर्व विधायक करछना दीपक पटेल ने करछना विधानसभा के कई गांवों के बूथों का दौरा किया और लोगों को समस्याओं के निदान हेतु कमेटी गठित करने की बात कही । बृहस्पतिवार को क्षेत्र के घटवा,सोनाई,घीसनकापूरा तरौल सहित कई गांवों में पूर्व विधायक बूथ मजबूती के लिए समीक्षा किया। जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याओं को जल्दी ही निपटाए जाने का भरोसा भी दिया इस दौरान भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाभ जनता को ज्यादा से ज्यादा मिल सके उसके बारे में लोगों से बताया खाद्यान्न वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना ,समूहों में महिलाओं की भागीदारी संबंधित लोगों से संवाद करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा । इस दौरान आकाश रामअचल,सर्वेश,रामसेवक सिंह आजाद सिंह,दिनेश पटेल लालजी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रा ने खुदकुशी की कोशिश की

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग की ओर से ऑनलाइन कक्षाओं के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में बुधवार को छात्रा ने खुदकुशी के प्रयास की फोटो और एप्लीकेशन पोस्ट की तो हड़कंप मच गया। एक फोटो में उसने हाथ की नस काटकर फोटो पोस्ट की थी। दूसरी फोटो में उसके गले में फंदा था। छात्रा ने एप्लीकेशन में लिखा था कि आनलाइन कक्षा नहीं कर पाई। अब परीक्षा कैसे दें? शिक्षकों से शिकायत की लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसलिए, वह यह कदम उठा रही है। इस पूरे मामले को कर्नलगंज पुलिस के संज्ञान में दिया गया है। हिंदी विभाग के शिक्षकों ने छात्रों और शिक्षकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। बुधवार को बिहार की रहने वाली एक छात्रा ने एक एप्लीकेशन पोस्ट की। लिखा कि ऑनलाइन कक्षा के दौरान नेटवर्क की समस्या होने के कारण कक्षा नहीं ले पा रही थी। तो परीक्षा हम कैसे देंगे? उसने लिखा कि इसकी शिकायत विभाग के दो शिक्षकों से की, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। इससे आहत होकर उसने हाथ की नस काट ली। इसके बाद उसने अपनी एक फोटो वायरल कर दी, जिसमें उसके गले में फंदा लगा हुआ था। छात्रा ने दो शिक्षकों की फोटो भी पोस्ट की जिनसे उसने शिकायत की थी। व्हाट्सएप ग्रुप में खुदकुशी के प्रयास की फोटो पोस्ट होते ही हड़कंप मच गया। विश्वविद्यालय के अफसरों ने उसका आई कार्ड निकलवाया, उसकी पहचान बिहार के सीवान की रहने वाली छात्रा के रूप में हुई। विश्वविद्यालय के अफसरों ने उसके पिता से बात की। विश्वविद्यालय के अफसरों ने इस पूरे मामले को कर्नलगंज पुलिस को बताया है। इंस्पेक्टर कर्नलगंज ने बताया कि छात्रा बिहार की रहने वाली है। वहां की पुलिस को सूचना भेज दी जाएगी। पीआरओ डाक्टर जया कपूर ने बताया कि छात्रा ने शिक्षकों को धमकाया है। शिकायत पुलिस से कर दी गई है।

# मेजारोड अंडरपास में पुलिया के समीप लगा भीषण जाम

अखण्ड भारत सन्देश

**मेजा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं के गंगा स्नान को लेकर हो रहे आवागमन मे मेजा रोड अंडर पासिंग पुलिया के समीप तिराहे पर भीषण जाम लगा हुआ है। बता दे कि सिरसा गंगा घाट पर आज आने जाने वाले श्रद्धालुओं को लेकर स्टेशन वाली रोड के तिराहे पर रास्ता संकरा होने की वजह से भीषण जाम लगा हुआ है। जिससे राहगीरों घंटों हलाकान हो रहे हैं। वहीं स्थानीय लोग जाम छुड़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और उल्टी-सीधी गाड़ियों को सीधा करने में लगे हुए हैं, देखा जाए तो यहां अक्सर जाम लगता है। जिससे राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी फजीहत झेलनी पड़ती है। रेलवे प्रशासन के द्वारा अंडरपासिंग पुलिया का निर्माण कराया गया था। जो लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। मेजा रोड सिरसा मार्ग पर रेलवे फाटक की जगह पर रेलवे द्वारा अंडर पासिंग पुलिया का निर्माण करा कर रेलवे प्रशासन ने अपना काम निकाल लिया। लेकिन देखा जाए तो पुलिया के पास आए दिन जाम लगने की वजह से लोगों को भारी फजीहत झेलनी पड़ रही है। उक्त पुलिया की समस्या व तिराहे के पास लगने वाले जाम लोगों के लिए परेशानी हो गई है।जबकि इस समस्या को क्षेत्रीय विधायक और सांसद को आवगत कराया गया हैं लेकिन आश्वासन के सिवा लोगो को कुछ नही मिला।



नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं के गंगा स्नान को लेकर आवागमन में मेजारोड अंडर पासिंग के समीप लगा जाम

## चोरी के सामान के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर भेजा जेल

**करछना।** बुधवार रात क्षेत्र के बीरपुर गाव निवासी रमेश पटेल पुत्र राम अधार के कच्चे घर मे नकब लगाकर चोरो ने हजारो का माल पार कर दिया,रात मे परिजनो को जानकारी हुई तो आस पास खोजबीन शुरू कर दी तो एक व्यक्ति रात मे भागने लगा शका होने पर ग्रामीणो ने उसे दौडाकर पकड लि?ा और इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुची पुलिस ने चोर के साथ शक्ती किया तो वह चोरी करने की बात कबूल कर ली और उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान जिसमे बक्सा बैग कुछ कपडे और वर्तन भी पुलिस ने बरामद कर लिया जिसके बाद पुलिस ने रमेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी हरिशंकर पुत्र अशोक निवासी कचरी को जेल भेज दिया।गिरफ्तारी टीम मे शिवाशू पाडेय,सत्यपाल सिह अतुल कुमार आदि रहे।

# कोयले की कमी से नवरात्र पर्व व ग्रामीण इलाको में बिजली संकट

## लालापुर में बिजली को लेकर मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** इलाके मेंकई महीने से बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई हैं बताया जा रहा की इस समय कोयले की कमी की वजह से है दूसरी और लालापुर क्षेत्र में गर्मी में अधिकारी समस्या से अंजान बने हुए हैं।क्यू की लालापुर क्षेत्र में आयेदिन लोकल फाल्ट के नाम पर कई घण्टे लाईट काट दी जा रही है क्षेत्र की जनता विजली विभाग के इस रवाइये से आक्रोशित है हाल ही में कई महीनो से लालापुर क्षेत्र में विजली की समस्या इस कदर बनी हुई ।तीन साल पूर्व सब स्टेशन के पुराने पैनल को बदल कर नया लगाने का काम पूरा हुआ। लेकिन अनुभव की कमी और बिना जानकारी के काम पूरी तरह शुरू हो गया । पैनल बदलने के चक्कर में कई फीडरों की आपूर्ति लड़खड़ा गई। इन दिनों लालापुर, अमिलिया बसहारा के फीडर में किसी को काम करना होता है तो पूरी इंकमिग बन्द कर दी जाती है आपूर्ति दिन रात बेपटरी हो गई। पुरे दिन इन छेत्र में बिजली की आँख मिचौली चल रहीं।लालापुर अमिलिया मार्केट समेत कई इलाकों में इनकमिंग को बन्द करने के चलते पीने का पानी भी लोगों को नहीँ मिल पा रहा। इलाके की सप्लाई होने से रात में घंटों रोस्टिंग की जा रहीं हैं। और आवाजाही से गर्मी में लोग बेहाल हो गये हैं।एक फीडर में लोड की वजह से कई बार जल चूका है कर्मचारियों के भरोसे आपूर्ति छोड़ अधिकारी अपना फोन रात को तो बन्द कर लेते हैं लेकिन दिन में फोन भी नही उठाते है। मामले को लेकर छेत्रीय भाजपा जिला प्राथनिधि शंकरलाल पाण्डेय व वर्तमान प्रधान भटपुरा लालापुर शंकरलाल पाण्डेय से कई लोग उनके आफिस में आ के शिकायत की और तत्कालीन विधायक बारा अजय भारतीय से बात कर विजली बहाल करा के क्षेत्र के जनता को संतुष्ट किये और लोगों को आश्वासन दिए कि अगर हमारे क्षेत्र में आप लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो किसी भी समय हमें बता सकते है और हम अपनी बात भाजपा विधायक और सांसद रीता बहुगुणा जी से अवगत करा के दूर करायेगे. साथ में ये भी कहाँ की भाजपा सरकार किसी के साथ गलत नहीं कर रही है और अगर किसी के साथ भी किसी भी तरह हो रहा है तो हमें जिला प्राथनिधि इसलिए बना के भेजा गया है की आप ग्रामीण क्षेत्र में रह के जनता की बात विधायक, सांसद और भाजपा कार्यालय में अवगत करेंगे और उचित कार्यवाही की जाएगी क्षेत्र के ,मोहित मिश्रा, प्रभात भाइयन दुवेर्दी, दीप चाँद शुक्ला, राधे कृष्ण पाण्डेय विजय कुमार, प्रदीप मिश्रा, मनोज त्रिपाठी आदि ग्रामीण लोगो ने भाजपा जिला प्राथनिधि से मिलकर विजली विभाग के इस रवाइये से परेशान होकर शिकायत की।

# दुर्गा शक्ति पीठ रधईपुर आस्था का केंद्र बन गया राजराजेश्वरी मंदिर



जंघई में प्रतिष्ठापित राज राजेश्वरी दुर्गा माता का मंदिर



जारी में नवरात्र पर पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा का स्वरूप

**जंघई।** प्रयागराज की पावन धरती पर वरुणा नदी के तट पर स्थित प्रतापपुर क्षेत्र के महरछा, रधईपुर गांव में प्रतिष्ठापित राजराजेश्वरी दुर्गा माता का मंदिर अपनी पावन एवं मंगलमयी गाथा का गवाह बन गया है।मंदिर में स्थापित माँ की भव्य , मनमोहक एवं आकर्षक मूर्ति भक्तों का मन मोह लेती है। इस पवित्र मंदिर के प्रांगण में हर नवरात्रि मे भगवती की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा और अर्चना की जाती है।भक्त दूर दूर से माँ राजराजेश्वरी का दर्शन करने आते हैं और भगवती से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मानते हैं। माँ के आशीर्वाद से लोगों की मन्नत पूरी होती है। लोग मन्नत पूरी होने के बाद माँ का दर्शन करने आते हैं और अपनी शक्ति के अनुसार पूजा करते हैं। मंदिर पूरी तरह से निर्मित हो गया है। यही नहीं मंदिर प्रांगण में शनिदेव के मंदिर निर्माण का भी प्रस्ताव है।नवरात्रि में सब सहभागी होकर दुर्गा माँ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर प्रशासन आने वाले दुर्गा भक्तों का पूरा ध्यान रखता है। हर मंगलवार को यहां मेला भी लगता है।मंगलवार को भक्त गण दूर दूर से दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि में भक्तों की अपार भीड़ होती है।फिलहाल अभी तक मंदिर प्रशासन ही सभी आयोजन करता आ रहा है। अब माँ की कृपा से भक्त गण आगे आ रहे हैं और सहयोग की इच्छा जाहिर कर रहे हैं।मंदिर के संस्थापक राजमणि त्रिपाठी हैं। त्रिपाठी का मानना है कि माँ दुर्गा का यह पावन मंदिर सबका है और यदि समय समय पर भक्त गण और आस्थावान लोग सहयोग करें तो उत्तम होगा।

## घट स्थापना के साथ विराजीं मां भगवती

**जारी।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री स्वरूप का पूजन करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए दिन गुरुवार को जारी के प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर में घट स्थापना कर-के पूजी गई मां शैलपुत्री वही पूजा कर रहे शैलेंद्र कुमार गुप्ता अपनी पत्नी संग मां शैलपुत्री स्वरूप का पूजन अर्चन कर के विधि विधान पूर्वक मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए माता का आशीर्वाद लिया तो वही पूजा करा रहे पंडित मुकेश शुक्ला ने बताया कि मान्यता है कि नवरात्र का व्रत रखकर साधना करने वालों के अंदर व्याप्त काम क्रोध मोह लोभ अहंकार जैसे शत्रुओं का शमन करके मां भगवती वैभव यश कीर्ति प्रदान करती हैं और कहां की मां भगवती निष्काम भाव पवित्र स्थान व मन से पूजा करनी चाहिए कामना के अनुरूप कार्य संबंधी भक्तों की मनोकामना पूरी करने में सहायक होती है जिसमें मंदिर परिसर में मौजूद भक्तगण कृपा शंकर तिवारी, मुरारी केसरवानी, गुड्डू केसरवानी , विकास गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, (संचालक) नितेश गुप्ता ऋषभ गुप्ता महेश केसरवानी आदि भक्तगण पूजा में मौजूद रहे।

## प्रथम सैळपुत्री की भक्तो ने की पूजा अर्चना

**करछना।** कलश स्थापना के साथ गुरुवार से शुरू हुए शारदीय नवरात्र पर स्थानीय मनैया और डीहा गंगा घाट पर भक्तो की भारी उमड़ी जहा लोगो ने स्नान के बाद मदिरो मे पूजन अर्चन किया।इस दौरान पूजा पाडालो मे मा की प्रतिमा स्थापित कर भक्त पूजा अर्चना की।करछना समेत पचदेवरा,घटवा,साधुकूटी कौवा डीहा बसही,सोनाई साधुकूटी,बरदहा सहित प्रमुख बाजारो और चौराहो पर प्रतिमा स्थापित कर पहले दिन मा शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की।

## नवरात्रि में सोलर वितरण 09 अक्टूबर से

**जसरा।** कल्याणी फाउंडेशन के नेतृत्व में आज पदाधिकारियों के साथ सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया इस अवसर पर अभियंता सोलर बी एल वर्मा ने कहा कि विगत दिनों कुछ टेक्निकल खराबी के चलते कार्य बाधित रहा सभी पात्र व्यक्तियों तक 09अक्टूबर को सामान आवटित किये जाएंगे इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 10दिनों के अंदर बड़े पैमाने पर सोलर भेंट किये हैं। द्वितीय चरण की शुरूआत 09अक्टूबर को गायत्री कुशवाहा, बबिता देवी, सर्वजीत सिंह के यहाँ से होगा इस दौरान महिला लाभार्थियों को संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र एवम अंगवस्त्र भेंट करके भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला किया गया कि द्वितीय चरण में सभी लाभार्थियों को तीन किलोवाट के उपक्रम सौंपे जाएंगे। इस अवसर पर फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डा अनु वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु फाउंडेशन सोलर की सब्सिडी भी आगामी 11अक्टूबर तक उनके द्वारा अवगत कराये गए खाते में वापस करवा दिया जाएगा कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने फलदार एवम छायादार पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया। उक्त अवसर पर तमाम गणमान्य लोगों सहित संस्थान के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पोस्टकार्ड के माध्यम से राष्ट्रहित में लिये गये निर्णय के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के जंघई मण्डल, ग्राम सभा- वारी बूथ संख्या 244 पर भाजपा कार्यकर्ता साथियों के द्वारा पोस्टकार्ड के माध्यम से राष्ट्रहित में लिये गये निर्णय एवं लोककल्याण की योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद आभार सन्देश प्रेषित किया गया। इस दौरान ग्राम वारी के महिला एवं पुरुष लाभार्थी गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, भाजपा नेता मुकुंद लाल मौर्य, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, मनोज सिंह आचार्य, राजकुमार राजा मौर्या सहित तमाम लोग मौजूद रहे।यह अभियान भारतीय जनता पार्टी गंगापार के सभी मण्डल में चलाया जा रहा है।

### प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार क्षेत्र की सेवा करना मेरा नैतिक अधिकार : कैप्टन करन सिंह



**प्रतापपुर।** भाजपा-अपना दल गठबंधन के प्रतापपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे कैप्टन करन सिंह लगातार प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में जाकर लोगो का आशीर्वाद ले रहे है।इसी क्रम में नेदुला, रस्तीपुर, खखैचा, सोरों, उग्रसेनपुर, पुरे विक्रम शाह, सलमापुर, रसुलपुर, दीवानगंज, सरायहरिराम गाँव मे लोगों से जनसंपर्क किया और कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार क्षेत्र की सेवा करना मेरा नैतिक अधिकार है।पूरेविक्रमशाह गाँव में युवा भाजपा नेता व सेक्टर प्रभारी सत्या जायसवाल और ग्राम प्रधान दयाराम बिंद की अगुवाई में ग्रामीणों ने कैप्टन करन सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस दौरान लोगो को संबोधित करते हुए कहा जिसको आप लोगो ने विधायक चुना वो कभी लोगो के बीच मे आते ही नही उनका क्षेत्र के विकास और आपके सुख-दुख से कोई सरोकार नही है आप सभी एकजुट हो जाए बहन अनुप्रिया के हाथों को मजबूत करें उन्होंने आगे कहा जो गलती अगली बार हुई थी उसे इस बार दुहराना नही है ऐसे स्वार्थ की राजनीति करने वाले लोगो को प्रतापपुर से खदेड़ना है।इस मौके पर अपना दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बी.डी गौड़, शिवराम बिंद, राजेश गौतम, हरिगेन्द्र सिंह,महावीर मिश्रा, मुन्ना सिंह, कुणाल चतुवेर्दी, गौरव सिंह, संजय सिंह सहित गाँव की सैकड़ो पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रही।

### कम्पोजिट विद्यालय गढ़वा में 'वन्य जीव सप्ताह' सम्पन्न



**शंकरगढ़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़वा में वन रेंज कार्यालय शंकरगढ़ द्वारा वन्य जीव चित्रकला का आयोजन किया गया।जहां श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने लेखन, कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह, रेंज ऑफिस शंकरगढ़ के अधिकारी,कर्मचारियों के साथ प्रधानाध्यापक राम सिंह व कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

### पहल कार्यक्रम में कोतवाल मेजा ने बेसहारों को छाता व फल वितरण किया



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा संचालित "पहल कार्यक्रम" के दृष्टिगत थाना प्रभारी के द्वारा बेसहारा लोगों को धूप तथा बरसात से बचाव के लिए छाता व फलों का वितरण किया गया।बता दें कि नवरात्र के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को मेजा क्षेत्र के सिरसा गंगा घाट पर थाना प्रभारी मेजा अरुण चतुवेर्दी के नेतृत्व में मेजा पुलिस ने पुलिस कप्तान के द्वारा संचालित पहल कार्यक्रम के तहत बेसहारा लोगों को धूप तथा बरसात से बचने के लिए छाता व फलों का वितरण किया गया। पुलिस द्वारा इस सराहनीय कार्य की लोगों ने जमकर सराहना किया। इस मौके पर सिरसा पुलिस चौकी प्रभारी हरीश्चंद्र शर्मा व मेजा पुलिस टीम उपस्थित रही।

### किसानो को खूब भाया जेके का 2082 धान



**उतरांव।** ब्लॉक सैदाबाद, ग्राम सभा दादूपुर में जेके सीड्स द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें कम्पनी के शीर्ष विपणन अधिकारी डा. रामानुग्रह पाण्डेय जी के साथ वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. मनेन्द्र सिंह जी भी उपस्थित रहे । जेके सीड्स का मध्यम अवधि की धान जेके 2082 उपज को लेकर किसानों को खूब पसंद आया। किसानो का कहना था कि एक तरफ किसान मौसम , उर्वरक, और बीमारियों को लेकर परेशान रहता है वही जेके का 2082 धान कम लागत में रोगमुक्त के साथ साथ कम अवधि में पक कर तैयार हो जाता है। किसकी औसत उपज 38- से 40 कुंतल प्रति एकड़ बताया गया। वही जेके सीड्स के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. मनोज शर्मा जी ने किसानो को संबोधित करते हुए बताया कि एक तरफ जहाँ हम धान की फसल में किसान भाईयो का विश्वास जीते है ,वही हम गेंहू , सरसों की फसल में भी किसानो को खूब भा रहे है । डा साहब ने गेंहू 5501, के साथ साथ सरसो जेके 6901 प्रजाति रबी सीजन के लिए किसानो को जानकारी दी वही ग्राम सभा के जागरुक किसान श्री सुदुल पाल जी ने भी किसानो को संबोधित करते हुए बताया की जहाँ एक तरह सरकार की मंशा किसानो की आय दुगनी करना है वही हम सभी किसान भाईयो की जिम्मेदारी भी बनती है की हम अपने खेत में बीज के चुनाव को प्रथम प्राथमिकता पर रखें। प्रधान जी ने जे के 2082 को खूब सराहा वही कंपनी के अधिकारी श्री संजीव चंदेल जी ने पत्रकारों संतोष शुक्ला, रामसेवक प्रजापति, महेंद्र कुशवाहा, गणेश दुबे, गुड्डू भाई, को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। कम्पनी के थोक विक्रेता आलोक गुप्ता,अक्षय खान कम्पनी के अधिकारी , सर्वेश कुमार , शारदा प्रसाद मिश्र, महेंद्र , दीपक कुमार,रवि मिश्र के साथ सैकड़ों किसान उपस्थिति रहे।

## खबर संक्षेप

### करछना के भरहा गांव की रामलीला 22 अक्टूबर से

**करछना।** श्री शिशु रामलीला कमेटी भरहा की बैठक हुई जिसमे 22 अक्टूबर से रामलीला मंचन पर चर्चा हुई इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष भारत नाम सिंह संचालक गुलाब सिंह प्रबंधक जितेन्द्र कुमार सिंह डायरेक्टर हरिहर सिंह,उप संरक्षक मगला प्रसाद पटेल के साथ कमेटी के पदाधिकारी एवं पात्र व ग्रामवासी मौजूद रहे। इस मौके पर संरक्षक शोभाराम पटेल ने बताया कि श्री शिशु रामलीला कमेटी इस वर्ष 42वे वर्ष की रामलीला मंचन करने जा रही है।पिछले वर्ष कोरोना काल में भी हमारा रामलीला मंचन नहीं रूका था और इस वर्ष तो प्रसाशन की तरफ से रामलीला मंचन का आदेश कोविड का पालन करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है जिसके बाद रामलीला मंचन के कलाकार अपनी अपनी तैयारी में जुटे हैं।

# चंद्रशेखर आजाद पार्क में हुए अवैध निर्माण को विकास प्राधिकरण ने किया ध्वस्त

अखंड भारत संदेश


पीडीए के द्वारा निर्माण को ध्वस्त करता जेसीबी


ध्वस्तीकरण करवाई में लगे पुलिस बल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की फटकार के बाद प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने चंद्रशेखर आजाद पार्क में हुए अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अमला आजाद पार्क पर पहुंच गया। ध्सवतीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जेसीबी के द्वारा कई अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। लोगों ने इसका विरोध करने का प्रयास किया लेकिन भारी पुलिस बल के चलते किसी की एक नहीं नहीं चली। कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। चंद्रशेखर आजाद पार्क में बढ़ रहे अतिक्रमण पर हाईकोर्ट ने चिंता जाहिर करते हुए जिले के सभी आला अधिकारियों को तलब कर लिया था। हाईकोर्ट ने 1975 के बाद पार्क में हुए सभी अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया था और तीन दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया था। इससे जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया था। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में अधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ आजाद पार्क पहुंचे। पार्क के बाहर जेसीबी के साथ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इससे हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि आजाद पार्क में अतिक्रमण को लेकर वर्ष 1999 में आदेश जारी हुआ था। हालांकि, तब उस आदेश पर कुछ खास काम नहीं हुआ था। इस दौरान पार्क के काफी कुछ अवैध रूप से बन गया। यहां अंदर मजारें तो बढ़ी हीं साथ ही स्टेडियम के पीछे ज्ञानवृक्ष मंदिर का भी हिस्सा बढ़ गया। पार्क की जमीन पर बना एक क्लब भी उद्यान विभाग को देने का निर्देश दिया गया था। प्रशासन द्वारा इस पर कोई काम न करने पर हाईकोर्ट ने अफसरों को तलब किया।इसके बाद रविवार को कमिश्नर संजय गोयल, डीएम संजय कुमार खत्री आदि उद्यान विभाग के अफसरों के साथ आजाद पार्क पहुंचे थे। नापजोख शुरू हुई तो वहां तमाम लोग कागजात लेकर आ गए थे। कुछ लोगों ने अतिक्रमण को सही बताया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान आजाद पार्क में काफी संख्या में लोग जुट गए। कुछ ने कार्रवाई का विरोध शुरू किया तो पुलिस ने उन सभी को घेर लिया था। हालांकि प्रशासन की सख्ती के बाद कुछ लोगों ने अतिक्रमण को खुद ही हटाना शुरू क दिया था। गुरुवार को अधिकारी फिर पहुंच गए हैं।

# विज्ञापन निरस्त होने के साथ नौकरी के दरवाजे बंद प्रवक्ता भर्ती के ओवरएज अभ्यर्थियों ने मांगी राहत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने कुछ दिनों पहले पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवक्ता भर्ती का विज्ञापन निरस्त कर दिया था और इसकी जगह नया विज्ञापन जारी किया है। इसकी वजह से तमाम अभ्यर्थियों के लिए सरकार नौकरी के दरवाजे बंद हो गए हैं।

पुराने विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले तमाम अभ्यर्थी अब ओवरएज हो चुके हैं और नए विज्ञापन के तहत आवेदन नहीं कर सकते हैं। ऐसे ओवरएज अभ्यर्थियों ने आयोग में ज्ञापन देकर राहत की मांग की है। आयोग ने वर्ष 2017-18 में पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवक्ता एवं प्रधानाचार्य के 1261 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था।इनमें प्रधानाचार्य के 13 एवं प्रवक्ता के 1248 पद शामिल थे। ऑल इंडिया कौंसिल टेक्निकल एजूकेशन (एआईसीटीई) की ओर से नियमालवी में संशोधन किए जाने के कारण आयोग ने बीते सात सितंबर को विज्ञापन निरस्त कर दिया और 15 सितंबर को प्रवक्ता के 1254, प्रधानाचार्य के 13, कर्मशाला अधीक्षक के 16 एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के 87 पदों पर भर्ती के लिए नया विज्ञापन जारी किया, लेकिन इसमें आयु सीमा की गणना एक जुलाई 2021 से की। ऐसे में वर्ष 2017-18 में आवेदन करने वाले तमाम अभ्यर्थी जो ओवरएज हो चुके हैं, वे अब चयन से प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। नए विज्ञापन के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्तूबर निर्धारित की गई है। एक अभ्यर्थी ने बताया कि उसे मैकेनिकल में प्रवक्ता पद के लिए ओवदन किया था, लेकिन विज्ञापन निरस्त हो गया। अभ्यर्थी ओवरएज हो चुका है और उसके सामने अब कोई रास्ता नहीं बचा है। ऐसे ही तमाम अभ्यर्थी हैं, जिन्हें इस बार आवेदन का मौका नहीं मिला तो उनके लिए सरकारी नौकरी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। अभ्यर्थी दो बार आयोग में ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

### अभ्यर्थियों ने आयोग पर लगाया पक्षपात का आरोप

प्रवक्ता भर्ती के ओवरएज अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि आयोग ने पिछले दिनों अपर निजी सचिव (एपीएस) भर्ती परीक्षा-2013 को निरस्त कर दिया था, लेकिन पुराने विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया है। ऐसे में पॉलीटेक्निक संस्थानों में पुराने विज्ञापन के तहत प्रवक्ता भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के साथ पक्षपात क्यों किया जा रहा है। जो अभ्यर्थी ओवरएज हो चुके हैं, उन्हें भी नई भर्ती में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए।

# सेकंड डिवीजन से कम अंक वाले भी कर सकेंगे सहायक प्रोफेसर के लिए आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजकीय डिग्री कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे, जिनके स्नातक में 45 प्रतिशत से कम अंक हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में उचित संशोधन करने का निर्देश दिया है।विज्ञापन में यह शर्त थी कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का स्नातक में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक होना चाहिए। जिसे हाईकोर्ट में चुनौती देकर कहा गया कि यूजीसी ने 2018 में ही यह अनिवार्यता समाप्त कर दी है। गोपाल सिंह व अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने सुनवाई की। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने लोक सेवा आयोग व राज्य सरकार से इस मामले में जानकारी मांगी थी। हाईकोर्ट को बताया गया कि लोक सेवा आयोग ने 24 नवंबर 2020 को राजकीय डिग्री कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला। जिसमें शर्त है कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का स्नातक में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक होना चाहिए। याची का कहना था कि यूजीसी ने अपने रेगुलेशन में संशोधन करते हुए 18 जुलाई 18 को स्नातक में 45 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता समाप्त कर दी थी। अब कोई भी अभ्यर्थी जिसके पास स्नातक और परास्नातक की डिग्री है तथा नेट क्वालीफाई है, सहायक प्रोफेसर के लिए आवेदन कर सकता है। अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने कोर्ट को बताया कि यूजीसी के संशोधन को राज्य सरकार ने 28 जून 2019 को स्वीकार कर लिया है। मगर लोक सेवा आयोग को इस बारे में समय से सूचना न हो पाने के कारण गलत विज्ञापन जारी किया गया। आयोग जल्द ही खंडन प्रकाशित कर संशोधित विज्ञापन जारी करेगा ताकि सभी अभ्यर्थी आवेदन कर सकें। अपर महाधिवक्ता के इस आश्वासन के बाद कोर्ट ने याचिका निस्तारित कर दी।

# नवरात्रि पर्व पर समाज सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान


सफाई अभियान करते समाज सेवी

**करछना।** जय मां काली धाम चबूतरा ग्राम सभा निरिया नवरात्रि दुर्गा पूजा के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ-सफाई कराया गया इनके मुख्य पुजारी रामराज यादव हैं एवं समाजसेवी पवन कुमार यादव अपने ग्रामसभा सफाई कर्मी अनिल कुमार के माध्यम से साफ-सफाई कराया गया इस कार्य को देखते हुए समाजसेवी पवन कुमार यादव की सराहना की जिस मौके पर धर्मेंद्र यादव, दिलीप केसरवानी, अतुल कुमार कुशवाहा, रत्नेश विश्वकर्मा, रमाकांत कुशवाहा उर्फ विधायक, विनोद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी का मेजा रोड में हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश


विंध्याचल दर्शन को जा रहे प्रमोद तिवारी का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**मेजा रोड।** शनिवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन विंध्याचल दर्शन को जा रहे कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद का कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बता दे कि पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी गुरुवार दोपहर विंध्याचल दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान मेजारोड में जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी के नेतृत्व में मौजूद सैकड़ों कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया।

इस दौरान प्रमोद तिवारी ने भाजपा की योगी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यह ₹थार गाड़ी नहीं भाजपा के अहंकार की गाड़ी चढ़ी है₹ चार किसानों की जो हत्या हुई है उसके लिए सिर्फ अजय मिश्रा जिम्मेदार नहीं, उनका बेटा जिम्मेदार नहीं है यह पूरी भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जिसने किसानों की लाशों से भर दिया है। भाजपा को याद रखना चाहिए कि जब किसानों की हत्या अंग्रेजों ने कराई थी तो उनकी सरकार नहीं रही तो काले अंग्रेजों की सरकार कितने दिन रह जाएगी। 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर श्री तिवारी ने कहा कि दीवार पर लिखी इबारत साफ है किसान की मौत, महंगाई, कोरोना की बद इंतजामी, बेरोजगार नौजवानों का गुस्सा भारतीय जनता पार्टी के ताबूत में कील साबित होगी। भाजपा का जाना तय है, कांग्रेस का प्रियंका गांधी के नेतृत्व में आना भी तय है। स्वागत के दौरान अतुल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राम छबीले मिश्रा, त्रिपुरारी मिश्रा, डॉक्टर शीतला प्रसाद पांडे, राजीव कांत द्विवेदी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, आनंद कुमार पांडे, शैलेंद्र सिंह छोटू, राममिलन भारतीय, महेश चंद पांडे, शशिकांत शुक्ला, शुभम शुक्ला, महेश चंद पांडे, विश्वनाथ द्विवेदी, ओम प्रकाश पांडे, दीपक कुशवाहा, ओमप्रकाश पाल, सचिन शुक्ला, आशु शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, शिवम शुक्ला, सुभाष कनौजिया, अंकित मिश्रा, अतुल कनौजिया, जयशंकर उर्फ जैकी, आनंद कुमार मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, विकास केसरी, नईम अंसारी, विनय यादव, मोनू सलमानी, अनुराग तिवारी, अमन शुक्ला, मानस तिवारी, अंकित पांडे,, नारायण दुबे, नागेश पांडे, दिनेश सोनी, शिवलाल आदिवासी, चंद्रशेखर प्रजापति सहित आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### जहरीले जंतु सांप के डसने से मासूम की मौत- घर में पसरा मातम



**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोंकडी में बुधवार रात एक गरीब के कच्चे मकान में जहरीले जंतु सांप के डसने से एक मासूम की मौत हो गई जिससे उसके घर में मातम पसर गया। जानकारी के मुताबिक रोकडी गांव के सुनील कुमार का दो वर्षीय पुत्र हिमांशु को बुधवार रात कमरे में सोते समय सांप नें डस लिया, मासूम की चिखने पर परिजन अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। सुनील कुमार के दो लडके एक लडकी में हिमांशु दूसरे नंबर का लडका था।

### स्नान करने गया बुजुर्ग अतरैला गंगा में डूबा



**मेजा रोड।** मिली जानकारी के अनुसार उपरौडा गांव निवासी मुन्नी देवी निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार सुबह 4:00 बजे अतरैला गंगा घाट पर उनके पति विक्रम निषाद (60 ) स्नान करने गए थे। काफी देर बीतने के बाद जब वापस नहीं लौटे तो मौके पर जाकर देखा गया तो उनका गमछा व कपड़ा घाट पर पड़ा मिला। उनकी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। नवरात्रि के प्रथम दिन गंगा स्नान को लेकर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सूचना पर चौकी प्रभारी सिरसा हरीश चंद शर्मा मौके पर पहुंच बुजुर्ग की तलाश में स्थानीय गोताखोरों को गंगा नदी में उतारा है। वही बुजुर्ग के गंगा नदी में डूबने की आशंका पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### समहन वनका जंगल मे फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का सड़ा गला शव



**मेजा रोड।** कोतवाली क्षेत्र के समहन वनका के जंगल मे फांसी के फंदे से लटकता युवक का सड़ा गला शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है। बता दें कि गुरुवार शाम छः बजे के आस-पास समहन कठौली के जंगल मे पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता एक युवक का सड़ा गला शव पाया गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त क्षेत्र के जगेपुर गांव निवासी उदयराज प्रजापति (26) उर्फ "नंदी" पुत्र भाई लाल प्रजापति के रूप मे किया। परिजनों की मानें तो मृतक नंदी लगभग 1 सप्ताह से घर से लापता था। जिसका शव आज मिला है। युवक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। फिलहाल युवक किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा यह तो पुलिसिया जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर विभिन्न पहलुओं पर जांच में जुटी हुई है।

### करछना के बबुरा में वैक्सीनेशन कैम्प में दिखा उत्साह



**करछना।** ग्राम सभा बबुरा लटकहा के श्रीनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबुरा लटकहा में कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप में लोगों में टीका लगवाने का दिखा जोश रही भारी भरकम भीड़। ब्लॉक करछना के बबुरा नटका में कोविड-19 को लेकर काफी उत्साह देखा गया बता दें कि सोमवार को टीम का नेतृत्व कर रहे धर्मेंद्र कुमार यादव (जिला महामंत्री )की अध्यक्षता में टीकाकरण कैंप ब्लॉक करछना के बबुरा नटका में लगाया गया जहां लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों ने टीका लगवाया पंजीकरण का कार्य और टीकाकरण का कार्य मधुबाला एवं आशा संगिनी शशी किरण पांडेय,और सावित्री राय, और सहायक सत्यम यादव, द्वारा किया गया । यह कार्य बबुरा ग्राम प्रधान निर्मल कुमार यादव व ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ। और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षण डॉक्टर नवीन गिरी ,जगदंबा यादव ने सब को बधाई दी और सराहना किया ।

### सोनौटी झूंसी में ध्यान समाधि कार्यक्रम 11 से 16 अक्टूबर तक

**प्रयागराज।** पुरंदर आश्रम सोनौटी झूंसी में आनंदित एवं सफल जीवन हेतु ध्यान समाधि कार्यक्रम 11- से 16 अक्टूबर तक आयोजित है। जिसमें आचार्य प्रभाकर जी, आचार्य दर्शन जी, आचार्य अंतर आनंद जी द्वारा ध्यान समाधि में साधकों को दिव्य जीवन हेतु सत्संग के माध्यम से ओशोधारा ध्यान समाधि हेतु प्रेरणा दी जाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक पंडित परशुराम त्रिपाठी ने दिया है।

# भाजयुमो द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा


भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आजादी के 75 वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव के पर्व पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रोहित पांडे उर्फ पप्पू पांडे के निर्देशन पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के सभी मंडलों में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें सभी मंडल अध्यक्षों ने सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी और तिरंगे के साथ अलग-अलग चौराहों से वंदे मातरम जय श्री राम भारत माता की जय के नारों के अलग-अलग चौराहों से प्रारंभ की गई और अलग-अलग महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर पहुंच कर प्रतिमाओं का माल्यार्पण किया गया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या सेना में कार्यरत रहे जवानों का या भारत मां के लिए शहीद हुए मां के सपूतों के घर वालों का सम्मान किया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रमों में सफल बनाने के लिए सभी मंडलों में अलग-अलग प्रवासी

**आजादी के अमृत महोत्सव पर्व**

नियुक्त किए गए थे कई कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी भी उपस्थित रहे तो कई कार्यक्रमों में युवा मोर्चा महामंत्री श्याम प्रकाश पांडे और युवा मोर्चा महामंत्री अमित गुप्ता भी उपस्थित होकर कई कार्यक्रमों को सफल बनाएं कार्यक्रमों को सफल बनाने में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक पवन राष्ट्रवादी देवेंद्र शुक्ला छोटू मोनू सोनकर मनीष सिंह सौरभ मेहता ऋषभ टंडन शशांक शेखर सिंह यश कौशल बचपन गुप्ता अमित मिश्रा संदीप मिश्रा विक्रांत शुक्ला आकाश चौरसिया विंकल शशांक शुक्ला अमन केसरवानी रजत दुबे शुभम कुशवाहा हिमांशु श्रीवास्तव लव कुश केसरवानी सिद्धार्थ पांडे शिवाअर्चन पांडे तन्मय उपाध्याय सहित युवा मोर्चा के सम्मानित कार्यकताओं एवं सभी पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान


प्रधानों को संबोधित करते सैदाबाद ब्लॉक के अधिकारी

# सैदाबाद ब्लॉक में प्रधानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

### स्वास्थ्य विभाग सैदाबाद द्वारा प्रधानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सैदाबाद।** एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुरुवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सैदाबाद ब्लॉक के सभागार में स्वास्थ्य विभाग सैदाबाद के द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में विशेष रूप से दिमागी बुखार, डेंगू से बचाव तथा साफ सफाई स्वच्छता अभियान को गांव में चलाने के लिए प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया ' यह अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलाया जाएगा तथा स्वास्थ विभाग की तरफ से बृजेंद्र कुमार प्रेमचंद्र आदि लोग ने प्रशिक्षण दिया ' कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी विकास शुक्ला व सहायक पंचायत विकास अधिकारी सैदाबाद अखिलेश तिवारी तथा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनीता तिवारी मौजूद रही ,साथ ही प्रधान संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ,अरुण कुमार मिश्रा वेद प्रकाश पांडे, मृत्युंजय यादव , इंद्रजीत, सर्वेश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में 08 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें वेलस्पन इण्डिया लिमिटेड के द्वारा टेट्नी मशीन आपरेटर पद पर अभ्यथिर्यों का चयन किया जाना है। ऐसे पुरूष आईटीआई (फिटर, मशीनिष्ट व मकैनिक) उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु सीमा 18 से 30 वर्ष हो आनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है। आनलाइन आवेदन के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के पश्चात उन्हें पुनः आनलाइन रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्व से वेबपोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपना लॉगिन आई0डी0 द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर आनलाइन रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

# जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट का पीएम ने किया वर्चुअली लोकार्पण

## सांसद संगम लाल ने बटन दबाकर प्लांट को किया चालू

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल कालेज के पुरुष अस्पताल में एक हजार लीटर की क्षमता के आक्सीजन प्लांट का वर्चुअली लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और सांसद संगम लाल गुप्ता ने बटन दबाकर उसको चालू किया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री की विकास दृष्टि का नमूना प्रतापगढ़ का राजकीय मेडिकल कालेज है जहां अब पूरे अस्पताल के मरीजों को आक्सीजन मुहैया कराने के लिये बड़ा आक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया है। इस बारे में राजकीय मेडिकल कालेज के



प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक ने कहा कि पूरे अस्पताल में पाइप लाइन के माध्यम से मरीजों को हर बेड पर आक्सीजन मुहैया कराने के अलावा इस प्लांट से दस वेंटीलेटर एक साथ चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वेंटीलेटर चलाने की टेट्निंग डाक्टरों तथा नर्सों को दी गई है इसलिये वेंटीलेटर चलाने की अब कोई समस्या नहीं है। अब वेंटीलेटर की सुविधा आक्सीजन प्लांट से मिलेगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का जिले में विकास हुआ है। अब गंभीर मरीजों को भी प्रतापगढ़ में सुविधा मिलेगी। बता दें कि पीएम केयर फण्ड से एक हजार लीटर क्षमता का आक्सीजन प्लांट जिला अस्पताल में लगाया गया है। ऐसा ही कार्यक्रम रानीगंज में हुआ जहां आक्सीजन प्लांट का वर्चुअली लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक धीरज ओझा मौजूद रहे।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों तथा पाण्डालों मे शक्ति की हुई आराधना, देवी भक्तों मे उत्साह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सुबह से ही माँ दुर्गा के पाण्डालों तथा मंदिरो मे देवी आराधना के सुर गुंजायमान हो उठे। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे पाण्डालों मे मां की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन के साथ स्थापना उत्सव हुआ। देवी भक्तों ने मां की आरती उतारते हुए मनन्तें मांगी।

पाण्डालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं बाबा घुइसरनाथ धाम मे भी नवरात्र के पहले दिन भक्तों का जमावड़ा दर्शन पूजन मे दिखा। क्षेत्र के इनहन भवानी धाम, अगई के दुर्गन देवी धाम, राहाटीकर स्थित दुर्गा मंदिर, कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम, असरही के गुम्मौर देवी, कल्याणपुर ढ़िगवस मे मां काली मंदिर तथा सांगीपुर वार्ड मे चौन्हजन देवी मंदिरों मे देवी भक्तों ने मां को नारियल व चुनरी अर्पित किये। वहीं नगर के संगम चौराहे, प्राचीन शिव मंदिर के समीप पाण्डाल व पुरानी बाजार तथा घुइसरनाथ एवं कालाकांकर रोड, रायबरेली रोड एवं राजेन्द्र नगर तथा वर्मा नगर मे भी पाण्डालों पर देर शाम तक देवीभक्तों के दर्शन पूजन का सिलसिला जारी दिखा। हरिहरमंदिरम मे पं. रामचंद्र शुक्ल तथा इनहन भवानी मे आचार्य राजेश मिश्र ने बताया कि नवरात्र मे कोरोना नियमों का पालन करते हुए देवी मां के भजन संकीर्तन के भी आयोजन जारी रहेगें। इधर घरों मे भी मां के कलश की वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवीभक्तों ने स्थापना की। मां की आराधना पूजा के साथ नवरात्र के व्रत का भी भक्तों ने संकल्प ग्रहण किया।



# खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने से होता है मानसिक विकास : रोहित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की पहल पर एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज कालाकांकर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन वित्तविहिन प्रबंधक शिक्षक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वी के शुक्ल व एस एन पी मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक रोहित पांडेय ने किया। 3000 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में कमलेश कुमार, महिला वर्ग में ललिता यादव, लंबी कूद में सूर्यवीर यादव व महजबीन बानो, गोला फेंक में धीरेंद्र कुमार व पूजा साहू, वॉलीबाल प्रतियोगिता में सिद्धार्थ शुक्ला की टीम, कबड्डी में गुलशन की टीम व रोशनी यादव की टीम, 100 मीटर में सूर्यवीर यादव व महजबीन बानो, 800 मीटर में ललिता यादव व गोविंद पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खेलकूद प्रतियोगिता का समापन व पुरुस्कार वितरण सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष शुक्ला व विजय शुक्ल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देश दीपक जोशी ने किया । इस मौके पर पीजी कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह चौहान, पंकज तिवारी, विश्वमोहन व पीआरडी के ज्ञान बहादुर, राय बहादुर, रमेश पांडेय आदि लोगो ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अधिवक्ता के घर चोरों ने किया हाथ साफ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राधे कृष्ण त्रिपाठी के नगर के गायत्री नगर आवास में रात में चोरी हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार रात में चोरों ने अधिवक्ता राधे कृष्ण त्रिपाठी के आवास में घुसकर के लगभग 50 हजार के गहने एवं पांच हजार रुपये नगदी साफ कर दिया। मामले की प्राथमिकी नगर कोतवाली में दर्ज करा दी गई है।

# पहले दिन पूजी गई शैलपुत्री, मां के जयकारों से गूंजा बेल्हा देवी मंदिर

## चहुंओर गूंजा मां का जयकारा

अखंड भारत संदेश

**परियावां।** नवरात्रि आगमन पर प्रथम दिन शैल पुत्री के रूप में मंदिरों में स्थापित दुर्गा पंडाल में मां की पूजन अर्चन की गई। नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाइकगंज बाजार परियावां में माता मइन्या धाम परिसर में बने पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ गणेश जी, कार्तिक जी, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें शास्त्री पंडित राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने प्रथम दिन मां दुर्गा की शैलपुत्री की रूप में सभी प्रतिमाओ की यजमान से पूजन अर्चन कर प्राण प्रतिष्ठा कराया। नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओ ने माता मइन्या देबी जी पूजन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। मां जवालादेबी मानिकपुर में मंदिर ट्रस्ट के सचिव डॉ0 विजय यादव ने विजय अग्रहरि व संजय कक्कड़ के साथ मां का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नवरात्र के पहले दिन शैल पुत्री की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई वहीं नगर ही नहीं, पूरे जनपद के देवी मंदिरों में मां के जयकारे लगते रहे। घर-घर मां दुर्गा की कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई।

शहर के मुख्य मंदिर बेल्हा देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों को नियंत्रित करने के लिये बैरीकेटिंग लगाई गई है और पुलिस बल भी तैनात है। कोरोना संक्रमण के कारण दो वर्ष बाद इस बार नवरात्र पर चहल-पहल दिखाई दे रही है। आज बेल्हा देवी मंदिर में पंक्तिबद्ध होकर स्त्री, पुरुष, बच्चों ने मां बेल्हा देवी का दर्शन किया। इसी प्रकार मां बाराही देवी, चंदिकन देवी सहित जिले के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में पूजन अर्चन करने वालों का तांता लगा रहा।



## चिलबिला में हाइड्रोलिक मंच पर हुआ शिव विवाह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के गोपाल मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकली जिसमें भभूत लगाए भगवान शिव रथ पर सवार थे और बाराती भूत, पिचाश और औघड़ की वेशभूषा में चल रहे थे। गाजे-बाजे के साथ शिव बारात चौक घंटाघर होते हुए चिलबिला पहुंची और शाम ढलते ही ढोल नगाड़ा और घंट घड़ियाल के शोर में चिलबिला चौराहे पर बने हाइड्रोलिक मंच पर शिव पार्वती का विवाह हुआ तो भक्तों ने पुष्प वर्षा की। सभी बारातियों का स्वागत चाट, समोसा के अलावा आलू व मोमफली से किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक हरिप्रताप सिह ने भगवान शिव की आरती उतारी। शिव बारात में रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी तथा रामलीला समिति के पदाधिकारी शामिल रहे।

# किसानों की मौत पर जिला कांग्रेस कमेटी ने मौन रखकर की प्रार्थना

## किसानों का बलिदान जाया नहीं जाएगाः डा0 लालजी त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के लखीमपुर खीरी में अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे किसानों को रौंद कर मार डालने की घटना में कुल नौ किसानों की मौत से देश वासी दुखी व आंदोलित है। उक्त के क्रम में गुरुवार को यहां जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने मारे गए किसानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि किसानों का बलिदान कभी जाया नहीं जाएगा, किसानों को न्याय दिलाने के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को न्याय मिले, इसी उद्देश्य से हमारी नेता मा0प्रियंका गांधी जी व मा0राहुल गांधी जी संघर्ष कर रहे है। इस अवसर पर डा0 वी0के0सिंह, डॉ0 नीरज त्रिपाठी, इरफान अली, वेदांत तिवारी, अब्दुल रहमान, आशुतोष तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, मो0 दिलशाद चंद्रनाथ शुक्ल, प्रेमशंकर द्विवेदी, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



## नगर पालिका ने रामलीला मैदान में की साफ-सफाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को रामलीला मैदान में फैली गंदगी को साफ किया। बता दें कि विजय दशमी के दिन राम-रावण के युद्ध के बाद रावण का पुतला जलाया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। रामलीला समिति ने जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने रामलीला मैदान की सफाई करने तथा बेल्हा देवी मंदिर, चिलबिला फ्लाईओवर की बदहाल सड़क को ठीक कराने की मांग की थी जिस पर नगर पालिका कर्मी गुरुवार को दिन भर रामलीला मैदान की सफाई करते रहे। साथ ही मैदान में भरे पानी को मशीन से निकालकर समतलीकण किया जाता रहा। इसके अलावा फ्लाईओवर की बदहाल सड़क को भी ठीक कराने का कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि फ्लाईओवर पर अंधेरा रहता था। वहां लाइट लगाई जा रही है जिससे लोगों को आवागमन में कोई कठिनाई न हो।



## ग्राम पंचायत अधिकारी के निधन पर जताया गया दुःख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर मे तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अमित विक्रम सिंह 38 पुत्र रामशिरोमणि का बीमारी के चलते लखनऊ के एक अस्पताल मे इलाज चल रहा था। जहां इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह अमित विक्रम की मौत हो गयी। ग्राम पंचायत अधिकारी के निधन की जानकारी यहां ब्लाक लक्ष्मणपुर पहुंची तो लोगों मे शोक छा गया। बीडीओ रामप्रसाद की अध्यक्षता मे ब्लाक सभागार मे शोक सभा का आयोजन कर ब्लाककर्मियों ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# दो पक्षों मे मारपीट, ग्यारह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर हुई मारपीट की घटना पर दो पक्षो द्वारा दी गई तहरीर पर ग्यारह लोगों के खिलाफ मारपीट बलवा व तोडफोड आदि धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के डिहवा पहिलेपार ढ़िगवस गांव की शोभा देवी पतनी मोती लाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रंजिश को लेकर गांव के चंद्रपाल सरोज के पुत्र राजू व उनकी पतनी प्रेमा देवी तथा राजकुमार सरोज के पुत्र प्रदीप व गंगा प्रसाद के पुत्र परमजीत बीते छः अक्टूबर को सुबह करीब सात बजे एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपीगण गाली देते हुए घर मे घुस आये और पीड़िता तथा उसकी देवरानी ज्योती को मारापीटा। आरोपियो ने घर मे रखे घरेलू सामानों मे तोडफोड किया और कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपीगण जाते समय घर के बाहर बने छप्पर मे आग लगाकर उसे जला दिया। वहीं दूसरे पक्ष के चंद्रपाल सरोज की पतनी प्रेमा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रंजिश के चलते गांव के पारसनाथ के पुत्र संजय सरोज, मोतीलाल की पतनी शोभा पुत्री श्वेता, सुंदरलाल के पुत्र मोती, गुरूदीन के पुत्र बाबूलाल, पारसनाथ के पुत्र अरूण तथा रामफेर की पतनी ज्योती एकराय होकर उसके घर मे घुस आये। आरोपियो ने गाली देते हुए मारपीट किया व जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्ष के कुल ग्यारह आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्रा के साथ छेडछाड व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की छात्रा के साथ स्थानीय शीतलमऊ के एक युवक द्वारा अश्लील हरकत व छेडछाड को लेकर गुरूवार को पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेडछाड तथा धमकी केस दर्ज किया है। तहरीर मे पीड़िता छात्रा का कहना है कि वह क्षेत्र के एक महाविद्यालय मे बीए की छात्रा है। लालगंज के समीप शीतलमऊ गांव का आरोपी विकास सिंह फोन पर उसे प्रायः परेशान किया करता है। घर मे शिकायत करने पर परिवार के लोगों ने आरोपी को मना किया तो वह आये दिन स्कूल आते जाते समय उसे छेडने लगा। बीती चार अक्टूबर को छात्रा जब घर से कॉलेज जा रही थी तो रास्ते मे आरोपी युवक विकास ने उसका हाथ पकड़कर जंगल की तरफ जबरिया घसीटने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने छेडछाड करते हुए पीड़िता के कपड़े भी फाड़ दिये। यही नही दबंग व मनचले आरोपी ने पीड़िता के साथ गालीगलौज करते हुए इस घटना की शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी। मनचले की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने गुरूवार को भाई के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपी विकास सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी के खिलाफ शीघ्र कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कालाकांकर में जला जलनिगम का ट्रान्सफार्मर बदला

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र कालाकांकर से जुड़े क्षेत्र कालाकांकर को पानी की सप्लाई करने वाला 63 केवी ट्रान्सफार्मर विगत एक सप्ताह पूर्व जल गया था जिसको बुधवार को जेई ओसामा सिद्दीकी ने जिले से आने पर शाम को दूसरा ट्रान्सफार्मर लगवा दिया जिससे लोगो को पानी से राहत मिली।

## नेक पहल : पुरातन छात्रों ने दान की किताबें

**प्रतापगढ़।** कोरोना के चलते पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए जोगापुर मिडिल स्कूल के पूर्व छात्रों ने अपनी क़िताबें दान कर दी। गुरुवार को स्कूल पहुंची छात्राओं ने अपनी पुरानी किताबें जूनियर क्लास के बच्चों को दान की। इनके इस कार्य की सराहना हो रही है। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के बच्चे रागिनी, साहिबा और कोमल वर्तमान में जीजीआईसी की छात्रा है। इन्होंने क्लास आठ तक कि शिक्षा जोगापुर मिडिल स्कूल से ग्रहण की है। स्कूल से निकलने के बाद भी अपनी किताबें सहेजकर रखी थी। स्कूल के टीचर राजेश कुमार ने इन बच्चों से सम्पर्क किया और किताबें देने की बात कही। तीनों छात्राये किताब लेकर पहुंच गई।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से नाबालिक की हुई मौत

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवखर पुर के मजरा महमदपुर गांव में एक बालक को विद्युत करंट लग जाने से मौत हो गई सुरेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय अमृत लाल यादव निवासी महमदपुर मजरा देवखर पुर थाना मंझनपुर ने बताया कि उसके पुत्र प्रदीप यादव उम्र लगभग 14 वर्ष की दिनांक 06 अक्टूबर को शाम करंट लगने से मृत्यु हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### दबंग द्वारा गाली-गलौज कर दी गई जान से मारने की धमकी

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पड़ोसी गांव बिदाव के कुछ दबंग लोगों द्वारा 3 दिनों पूर्व फोन करके गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई है पीड़ित का कहना है कि वह पेशे से पत्रकार है और दबंग लोग उसे बेवजह धमकी दे रहे हैं पीड़ित का कहना है कि उसने मामले की शिकायत थाना पुलिस ने किया था लेकिन थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

# प्रतिमाएं स्थापित कर भक्तों ने की मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

## पूजा-अर्चन व भक्ति गीत एवं मां के जयकारों से गूंजा पूरा जनपद





नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा पंडालों में पूजा अर्चना करते भक्त

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** नवरात्रि के प्रथम दिन पण्डाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों ने विधि विधान से माँ दुर्गा की पूजा अर्चन किया है यज्ञ अनुष्ठान पूजन घण्ट धड़ी की ध्वनि से पूरा वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे धरती पर स्वर्ग उतर आया है नगर कस्बे बाजार गांव गली में हर मोहल्ले में पांडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा भक्तों द्वारा स्थापित की गई हैं सुबह से ही भक्तों ने मां की पूजा अर्चन कर देश के कल्याण की कामना की है मां के जयकारा से नगर कस्बा गांव गली मोहल्ला गूंज रहा है मां की पूजा अर्चन में बच्चे बूढ़े बुजुर्गों के साथ-साथ महिला बालिकाओं ने भी शामिल होकर मां की पूजा अर्चन किया है कीर्तन भजन कर भक्त मां का जयकारा लगा रहे हैं जिले के मंझनपुर भरवारी सिराथू सराय अकिल करारी मूरतगंज भरवारी अझुवा सहित गांव गांव विभिन्न क्षेत्रों में मां की प्रतिमा पंडाल में स्थापित है भक्तों ने घर पर भी मां दुर्गा की पूजा अर्चन यज्ञ अनुष्ठान किया है दुर्गा सप्तशती का पाठ भी जिले में लाखों भक्तों द्वारा कराया जा रहा है पूरा जिला मां की भक्ति में लीन है मां के पांडाल में भक्तों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रसाद वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में मंझनपुर के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में भी बालकों ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन शुरू किया है।

### कमरे में बंद कर गरीब को पीटने का फिर पुलिस पर लगा आरोप

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा पुलिस चौकी के पुलिस पर फिर एक गरीब व्यक्ति को जबरिया पकड़ कर कमरे में बंद कर पीटने का आरोप लगा है पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उसका मोबाइल भी छीन लिया गया है्। घटनाक्रम के मुताबिक विशेष कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम पतेरिया सिकन्दरपुर आइमा थाना चरवा तीन दिन पूर्व अपने मकान पर मौजूद था. बरियांवा चौकी के तीन पुलिस कर्मी उसके घर पहुंचे और उसे बलपूर्वक पुलिस चौकी उठा ले गये बिना किसी अपराध के ही गांव के कुछ लोगों के इशारे पर एक कमरे में बन्द करके गरीब ब्यक्ति को पुलिस जनों ने बेरहमी से पिटाई की है आरोप है कि पुलिस ने उसके कपड़े उतरवा लिया और पिटाई करने के बाद मोबाइल छीन कर गरीब व्यक्ति को पुलिस जनों ने कमरे में बंद कर दिया है पुलिस आला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी पुलिस जनों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और उसका मोबाइल वापस दिलाए जाने की मांग की है पुलिसिया आतंक की आज यह नई कहानी नहीं है आए दिन इलाके में गरीब कमजोर मजलुमो पर अत्याचार कर पुलिस धना दोहन कर रही है इस मामले में भी आला अधिकारियों ने जांच कराई तो पुलिस का बदनुमा चेहरा उजागर होगा।

## न्यूज झरोखा

### डामर सड़क पर मिट्टी का हो रहा लेपन!

**कौशांबी।** सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की योगी सरकार की योजना भी बेहद गजब की है जिन सड़कों में कई दशक से डामर डालकर पक्की सड़क बनाई गई है उन सड़कों पर योगी सरकार में मिट्टी डालकर गड्ढे समतल किए जा रहे हैं आखिर उत्तर प्रदेश सरकार का सड़क मरम्मत का बजट कहां गायब हो गया है सड़क मरम्मत के बजट पर किस अधिकारी ने डाका डाल दिया है यह बड़ी जांच का विषय है डामर की सड़क में मिट्टी डाल देने से सड़क अधिक खराब होती है जिससे अधिकारियों को सड़क निर्माण का सुनहरा अवसर फिर मिल जाता है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के तहसील रोड पर गड्ढों में 3 दिनों से मिट्टी डालकर सड़क समतलीकरण का कार्य जिम्मेदारों द्वारा किया जा रहा है अब सवाल उठता है कि यदि बरसात हुई तो कस्बे की सड़क दलदल कीचड़ में तब्दील हो जाएगी और नगर वासियों को सड़कों पर निकलना मुश्किल हो जाएगा नगर के चारों तरफ की सड़कें पहले से बरसात के पानी से एक एक फीट ऊंची भर जाती है और मंझनपुर नगर टापू बन जाता है नगर में जल निकासी की पहले व्यवस्था थी लेकिन तहसील पुलिस और नगर प्रशासन की सांठगांठ से स्थानीय तालाबों में कब्जा हो जाने से अब जल निकासी की व्यवस्था खत्म हो गई है जिससे नगर का पानी बाहर नहीं निकल पाता इसी का खामियाजा है कि बरसात के बाद नगर के चारों तरफ की सड़कें पानी से भर जाती है गड्ढा युक्त सड़कों पर मिट्टी डालकर लेपन किया जा रहा है अधिकारियों की क्या मंशा है यह नगर वासियों को समझ में नहीं आ रहा है आखिर सूबे के मुख्यमंत्री की छवि को नगर वासियों के बीच बर्बाद करने में क्यों जिम्मेदार अधिकारी लगे हैं यदि जिम्मेदार अधिकारियों के इन कारनामों पर रोक नहीं लगाई गई तो भाजपा सरकार को आने वाले विधानसभा में बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### मैहर से दर्शन कर वापस लौट रहे दो भाई दुर्घटना में घायल

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा गांव निवासी चंद्रभान 50 वर्ष पुत्र अमृतलाल अपने भाई के साथ मैहर से दर्शन कर वापस घर आ रहे थे जैसे ही वह महात्मा ज्योतिबा फुले पॉलिटेक्निक कॉलेज टेवां के पास पहुँचे कि पीछे से आ रहा डंपर अनियंत्रित होकर चंद्रभान के ऊपर अगला चक्का चढ़ गया। हादसे में चंद्रभान का पैर कुचल गया जांघ के पास से पैर कट गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पाकर मौके पर टेवां चौकी प्रभारी कल्बे अब्बास खान फोर्स के साथ पहुंच कर घायल युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवा दिए। चंद्रभान की हालत नाजुक बताई जाती है। बताते हैं कि चंद्रभान बाइक में पीछे बैठे हुए थे जैसे ही टक्कर लगा वह गिर गए और डंपर का अगला पहिया उनके पैर के ऊपर चढ़ गया जिससे उनका एक पैर कट गया। साथ में मौजूद भाई जो बाइक चला रहा था छिटककर बाहर गिरा गिर गया उसको भी चोटें आई हैं हादसे में दोनों भाई घायल हैं।

### अनियंत्रित बाइक सवार विद्युत पोल से भिड़े, गम्भीर घायल

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई ग्राम सभा के मजरे ककराली मोड़ के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गए जिसमे बाइक सवार गम्भीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मनोज कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी अन्दमऊ थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर मोटर साइकिल नम्बर व ढ 71अ ल्2980 से मुकेश अपने साथी ननका के साथ सांखा की ओर से नगर पंचायत अझुवा की तरफ आ रहे थे। बाइक सवार ककराली मोड़ के पास अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गए। दुर्घटना देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों, राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर घायलों को अस्पताल भिजवाया जिसमे मुकेश कुमार अति गम्भीर बताया जा रहा है। लोगो के अनुसार बाइक सवार नशे की हालत में लग रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि विद्युत पोल में छेद हो गया है।

### सड़क में पालतू जानवर बांधने से ग्रामीणों को परेशानी

**कौशाम्बी।** गांव में नाली का निर्माण ना होने से और सड़क पर पालतू जानवर बांध देने से आवागमन में दिक्कत होती है लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गांव में नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है नगर पंचायत चरवा के कृष्णा नगर (धमसेड़ा) गांव में चरवा, धमसेड़ा लिंक मार्ग पर कुछ ग्रामीणों द्वारा पालतू जानवरों को बांधकर पूरी सड़क मार्ग को क्षतिर्ग्रस्त किया जा रहा है ।गांव के कुछ लोगो द्वारा मकान की जल निकासी सड़क पर करके सड़क किनारे पालतू जानवर बांधकर अवागमन बाधित किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी के लिए गांव में नाली का निर्माण जरूरी है।

# डिप्टी सीएम की अगवानी में लगा प्रशासन सरकारी जमीन में हो रहा कब्जा

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** राजस्व प्रशासन जब कभी अधिक व्यस्त हो जाता है तो सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले सक्रिय हो जाते हैं इसी का फायदा उठाकर इलाके में दर्जनों जमीनों पर पूर्व में कब्जा हो चुका है जिले में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के तमाम कार्यक्रम आयोजित हैं इसी का फायदा उठाकर मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बराई बंधवा गांव में सरकारी बंजर भूमि पर दबंगों ने पक्का निर्माण शुरू कर दिया है। मामले की शिकायत एसडीएम मंझनपुर से की गई है लेकिन दबंगों के सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को राजस्व विभाग और पुलिस विभाग नहीं रोक सका है हौसला बढ़ दबंग दर्जनों मजदूर लगाकर रात दिन सरकारी जमीन पर निर्माण कर रहे हैं। स्थानीय लेखपाल और कानूनगो की भूमिका सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने और सरकारी जमीन पर कब्जे को धराशाई किए जाने की मांग की है। बताते चलें कि बराई बंधवा गांव में बंजर भूमि में कब्जे की शिकायत कानून गो धर्मपाल से ग्रामीणों ने किया जिसमे कानून गो शिकयतकर्ता से कह रहे है कि सरकारी बंजर भूमि में भवन बन रहा है तो तुमको कौन सी दिक्कत है कानूनगो कहते है कि तुम्हारा घर कहा बना है उसकी भी पैमाइश करेगे शिकयत कर्ता को वह अर्दब दे रहे है राजस्व इंचार्ज कानून गो इन बातों से उनकी संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता गांव की आराजी संख्या 711 में जबरिया कब्जा हो रहा है इसी भूमि पर इसके पहले भी कई पक्के भवन बन चुके हैं जबकि सरकारी भूमि के मामले में लेखपाल ने धारा 67 क के तहत पूर्व में मुकदमा दर्ज किया है लेकिन फिर भी सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा हो रहा है आखिर सरकारी जमीन को सुरक्षित करने वाले ही कब्जा धारकों के शरण दाता होंगे तो जिले में सरकारी भूमि कैसा कब्जा मुक्त होगा।




सड़क पर लगा बैनर का दृश्य

# नेताओं ने मंझनपुर चौराहे को बना दिया मौत का अड्डा!

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्यालय मंझनपुर के मुख्य चौराहे पर नेताओं के द्वारा होर्डिंग बोर्ड लगवाया गया है जिससे चौराहे पर दूसरी तरफ से सड़क पर आने - जाने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं। होर्डिंग बोर्ड लगे चौराहे पर दुर्घटना की प्रबल संभावना बढ़ गई है। जिम्मेदार अधिकारी को दुर्घटना में किसी की जान जाने से पहले उक्त नेताओं के द्वारा प्रचार - प्रसार के लिए लगवाए गए होर्डिंग बोर्ड को हटवाना होगा। सार्वजनिक स्थान पर पूर्व में लगाए गए प्रचार - प्रसार होर्डिंग बोर्ड को पूर्व डीयम ने अपने अधिनस्थ अधिकारी को आदेशित कर हटवाया था और सार्वजनिक स्थान को अपनी निजी संपत्ति समझकर होर्डिंग बोर्ड लगवाकर सार्वजनिक स्थान को अतिक्रमण करने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के आदेश दिए थे अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्व डीयम की तरह वर्तमान डीयम नेताओं के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर लगवाए गए होर्डिंग बोर्ड को हटवाकर मुकदमा दर्ज करवाएंगे या फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। मंझनपुर मुख्यालय के मुख्य चौराहे पर सपा, बसपा, जन अधिकार पार्टी सहित अन्य पार्टी के नेताओं ने बड़े - बड़े होर्डिंग बोर्ड लगवाकर पूरी तरह से मुख्य चौराहे को ढक दिया है जिससे लोगों को दूसरी तरफ से आ रहे वाहन दिखाई नहीं पड़ते जिसके कारण दुर्घटना की प्रबल संभावना बढ़ गई है। खास बात तो यह है कि पूरे दिन मुख्य चौराहे से होकर उच्चाधिकारियों के वाहन गुजरते हैं लेकिन उनकी नजर रंग - बिरंगे लगे होर्डिंग बोर्ड पर नहीं पड़ती है या फिर देखकर भी उक्त होर्डिंग बोर्ड को हटवाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

# भवंस मेहता कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित



रक्तदान शिविर में उपस्थित भवन्स मेहता के शिक्षक व छात्र-छात्राएं

अखंड भारत संदेश

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया गया।जिसमें कुल 39 लोगो ने राजिस्ट्रेशन कराया जिसमे 8 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर ब्लड बैंक के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राम मनोहर कनौजिया ने कहा कि ब्लड की कमी को रक्तदान से ही पूरा किया जा सकता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह रक्तदान कर किसी बीमार व्यक्ति की जान बचाने में सहयोग करे ्शिविर में महाविद्यालय की प्राचार्या रूबी चौधरी,ब्लड बैंक के मेडिकल ऑफिसर डॉ राम मनोहर कनौजिया, ब्लड बैंक प्रभारी मोती लाल सिंह,प्रवीण कुमार सिंह, पीयूष शुक्ला, अभिषेक सिंह,अनूप सिंह,गणेश दुबे, अनिल कुमार यादव सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### तीन साल बीते नहीं गिरफ्तार हो सके हत्यारे!

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बालक मऊ गांव में 3 वर्षों पूर्व भीड़-भाड़ इलाके में सोते समय बड़ी बेरहमी से एक चिकित्सक की हत्या कर दिया गया था हत्या के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हत्यारों के नाम का जल्द खुलासा करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया था लेकिन 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी चिकित्सक हत्याकांड का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है इस मामले को पुलिस ने जांच विवेचना जारी है लिख कर पत्रावली बंद कर दी है सूत्रों की माने तो चिकित्सक हत्याकांड के नाम पर गांव के 3 लोगों को पकड़ कर बार-बार थानेदार ने धना दोहन किया है और मोटी रकम मिल जाने के बाद इस हत्याकांड की पत्रावली साक्ष्य सबूत के अभाव में लिखकर बंद कर दिया है यदि पुलिस अधिकारियों ने चिकित्सक हत्याकांड की पत्रावली को खोल कर फिर से जांच कराई तो जहां चिकित्सक के हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में होंगे वही हत्यारों को संरक्षण देने वाले पूर्व थानेदारों पर गाज गिर सकती है।

# अपने पैर में खुद कुल्हाड़ी मार रहे हैं भाजपा नेता

## भाजपा का झंडा लेकर सपा की तरफदारी में लगे भाजपा मोर्चा के एक नेता, जिसके खिलाफ जनाक्रोश को उसकते थे भाजपा नेता उसी के तरफदारी में अधिकारियों से कर रहे सिफारिश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** राजनीति का स्तर कितना गिर जाएगा इस बात का आकलन आम जनता नहीं लगा पा रही है कल तक जिस नेता के खिलाफ आम जनता के मन में विद्रोह की भावना भर कर अधिकारियों के यहां कठोर कार्यवाही के लिए नेताजी पहुंच रहे थे आज उसी सपा नेता के बचाव में अधिकारियों के यहां भाजपा नेता सिफारिश कर रहे हैं आम जनता इनके इस कारनामे को जान रही है और समय आने पर नेताजी से हिसाब चुकता जरूर करेगी जिस सपा नेता की सिफारिश कर भाजपा नेता उसे अपना खास समझ रहे हैं समय आने पर वह सपा नेता भी भाजपा का बड़ा नुकसान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इन दिनों एक सपा नेता के कारनामों पर पुलिस अधिकारी कठोर कार्यवाही करने के प्रयास में लगे हैं लेकिन पुलिस अधिकारियों को कार्यवाही से रोकने के लिए एक भाजपा नेता ने सिफारिश शुरू कर दी है भाजपा के बड़े नेता तक सपा नेता को पहुंचाने में भाजपा के एक मोर्चा के नेता अहम भूमिका निभा रहे हैं मोर्चा के नेता और सपा नेता एक ही क्षेत्र के रहने वाले हैं जिससे वह सपा नेता को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं पर्दे के पीछे से बड़ी रकम लेनदेन की चर्चा है लेकिन इसका खामियाजा आने वाले दिनों में भाजपा को बड़ी कुबार्नी देकर चुकानी पड़ेगी इस सपा नेता के खिलाफ भाजपा के एक बड़े नेता ने पाच वर्षो पूर्व एसपी कार्यालय में आमजनमानस की भीड़ के साथ आंदोलन किया था और यह कह कर भाजपा नेता ने आम जनता को सांत्वना दी थी कि यदि सरकार सत्ता में आई तो सपा नेता पर कठोर कार्यवाही जरूर होगी इन दिनों भाजपा नेता ने रंग बदलना शुरू कर दिया है पिछले मामले में कार्यवाही की बात करने पर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच जाता है बल्कि इन दिनों वह तमाम गुनाहों के आरोपी सपा नेता को बचाने का जिम्मा ले रहे हैं बीते दिनों भाजपा के बड़े नेता की मीटिंग में सपा नेता के भाई देखे गए हैं भाजपा नेता के इन कारनामे को भाजपाई जान चुके हैं।

# चार मौत के बाद भी अस्पताल संचालक पर मेहरबान स्वास्थ्य और पुलिस विभाग

## बार-बार मौत व बार-बार अस्पताल सीज के पीछे पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारी वसूल रहे मोटी रकम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मौत का खेल खेलने वाले अस्पताल संचालकों पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी किस कदर मेहरबान है इसका जीता जागता उदाहरण पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ के नर्सिंग होम में देखा जा सकता है इस अस्पताल में एक के बाद एक 4 मरीजों की मौत हो चुकी है लेकिन अस्पताल संचालक का बाल बांका नहीं हो सका है कानूनी मकड़जाल में उलझा कर अस्पताल संचालक को जिम्मेदारों द्वारा बार बार बचाया जा रहा है जिससे योगी सरकार की व्यवस्था पर बदनुमा दाग लग रहा है मौत के बाद अस्पताल सीज कर दिया जाता है लेकिन फिर अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खोल दिया जाता है या फिर चिकित्सक दंपत्ति द्वारा अस्पताल का ताला तोड़कर अस्पताल का संचालन शुरू कर दिया जाता है कई बार अस्पताल का बोर्ड भी बदला जा चुका है लेकिन अस्पताल का संचालन उसी चिकित्सक दंपत्ति द्वारा होती हैं जहां मौतें होती हैं इसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मौत का खेल खेलने वाले चिकित्सक से मोटी रकम वसूली की बात आ रही है पुलिस भी फिर मोटी रकम वसूल रही है।

पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ स्थित गणेश हास्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर पर फिर नसंबदी का आपरेशन कराने के बाद एक महिला की हालत बिगड़ गई शिकायत पर स्थानीय पुलिस के साथ पहुंची डाक्टरों की टीम ने अस्पताल को तीसरी सीज करते हुए आरोपी संचालक के खिलाफ एफआइआर के निर्देश दिए लेकिन अब तक डॉक्टर दम्पत्ति की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। वहीं प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### गणेश हॉस्पिटल में मौत का केश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कुंदनपुर गांव निवासी जानकी देवी पत्नी दिनेश कुमार शुक्रवार को नसबंदी का आपरेशन कराने के लिए तिल्हापुर मोड़ बाजार में संचालित होने वाले गणेश हास्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर गई थी। आरोप है कि वहां पर मौजूद अस्पताल संचालक और नर्स आदि अन्य स्टाफ ने शनिवार को नसबंदी का आपरेशन किया लेकिन लापरवाही के कारण खून अधिक निकल जाने से महिला की हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने जब संचालक से शिकायत किया तो इलाज के लिए उसे तीन दिनों तक इधर उधर भटकाया गया। इस बात को लेकर नाराज परिवारीजनों और रिश्तेदारों ने बुधवार को निजी अस्पताल का घेराव किया। आरोप है कि अस्पताल में लोगों के पहुंचने पर आरोपित संचालक ने पीड़ित महिला के परिवारजनों को धमकी दी। इस पर महिला के स्वजनों ने इसकी शिकायत सीएमओ से की। दोपहर बाद मौके पर पहुंचे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हिंद प्रकाश मणि ने अस्पताल को सीज करते हुए संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर पिपरी पुलिस को दिया था। वहीं पीड़ित महिला का इलाज प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में चल रहा था।शुक्रवार की शाम समय करीब छह बजे महिला की मौत हो गई है। पीड़ित स्वजनों का आरोप है कि पुलिस ने तहरीर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया। घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गणेश हॉस्पिटल में मौत का दूसरा केस

**कौशाम्बी।** पिंपरी के अलामपुर निवास सुमन (25) पत्नी स्व. सुखलाल को अचानक पेट में दर्द हुआ तो सूचना पर पहुचे उसके पिता श्याम लाल निवासी मोहद्दीनपुर उसे तिल्हापुर मौड़ बाजार स्थित गांगोत्री अस्पताल ले गए। पिता का आरोप है सब कुछ ठीक हो जाने के बाद भी बिना परिजनों को जानकारी दिए डाक्टर ने आपरेशन कर दिया, जिससे महिला की हालात बिगड़ने लगी। इसके बाद इलाज के दौरान रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। उसकी जानकारी होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा था। सूचना पर पुलिस लोगों को शांत कराके शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। मामला 03 अक्टूबर 2017 का है।

### गणेश हॉस्पिटल में मौत का तीसरा केस

**कौशाम्बी।** नेवादा के गौरा निवासी सुखराज की पत्नी निराशा देवी को 21 मई 2018 की सुबह प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे प्रसूता को तिल्हापुर मोड़ स्थित गांगोत्री अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। नर्सिंग होम संचालक ने 25 हजार और खून के लिए सात हजार रुपये की मांग की। परिजनों के अनुसार उन्होंने संचालक को 30 हजार रुपये जमा किया। पैसा जमा होने के बाद` डाक्टर महिला को आपरेशन थियेटर में ले गया। डाक्टर की लापरवाही से आपरेशन के दौरान नवजात की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद खून चढ़ाने से प्रसूता की हालत और बिगड़ने लगी। बच्चे मौत से परिजन अस्पताल में हंगामा करने लगे। संचालक ने प्रसूता को अस्पताल से बाहर निकाल दिया था।

### गणेश हॉस्पिटल में मौत का चौथा केस

**कौशाम्बी।** विकास खंड चायल के कटरा गांव निवासी शिव प्रकाश ने प्रसव के लिए अपनी पत्नी को इसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आपरेशन के द्वारा प्रसव कराया गया। जिसमें कुछ ही समय बाद नवजात की मौत हो गई है। जिसमें स्वजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर केस दर्ज किया था।

### गणेश हॉस्पिटल में मौत का पांचवा केस

**कौशांबी।** जाठी गांव कौशाम्बी थाना निवासी कल्लू केशरवानी की बेटी मोनी केशरवानी 20 वर्षीय की शादी पिपरी के तिल्हापुर मोड निवासी अजय उर्फ बब्लू केशरवानी के साथ हुई थी। अजय ने मोनी को प्रसव के लिए 26 जून 2021 को गणेश अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर बच्चे को जन्म देने के बाद अस्पताल संचालकों की लापरवाही से मोनी केशरवानी की मौत हो गई। स्वजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा कर हंगामा शुरू किया मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन डॉक्टर गिरफ्तार नही हो सका मौत का खेल खेलने वाले अस्पताल संचालकों का यह कारनामा तो कुछ उदाहरण है इस अस्पताल में इलाज में लापरवाही से आए दिन मरीजो की मौत होती हैं लेकिन अस्पताल संचालक पर स्वास्थ्य विभाग से लेकर पुलिस तक मेहरवान है जिससे अस्पताल संचालक का बाल बाँका नही हो सका है आखिर योगी राज में मौत का खेल खेलने वाले अस्पताल संचालक के कारनामो पर कब कार्यवाही होंगी जनता इसका जबाब योगी सरकार उनके अधिकारियों और उनके जनप्रतिनिधियों से चाहती है।

## सम्पादकीय

# संभलती हुई इकॉनमी

रेटिंग एजेंसी के आकलन में वित्तीय क्षेत्र की बेहतर होती स्थिति को तो रेखांकित किया ही गया है, यह भी कहा गया है कि इकॉनमी के तमाम सेक्टर्स में रिकवरी की रफ्तार उससे तेज रही, जितनी अपेक्षा की जा रही थी। इसी वजह से यह उम्मीद भी जताई गई है कि वास्तविक जीडीपी इसी साल महामारी के पहले के स्तर को पार कर जाएगी। चौतरफा चुनौतियों से जूझकर उबरती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मंगलवार को यह राहत देने वाली खबर आई कि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इसका सॉवरेन आउटलुक नेगेटिव से स्टेबल कर दिया है। एजेंसी ने हालांकि सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में कोई बदलाव न करते हुए पहले वाला बीएए3 दर्जा ही बरकरार रखा है, जो सबसे निचला इनवेस्टमेंट ग्रेड है। सॉवरेन आउटलुक में बदलाव उन प्रयासों और उनसे मिल रहे पॉजिटिव नतीजों को देखते हुए किया गया है, जिनसे गुजरते भारतीय अर्थव्यवस्था ने तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़कर फिर से उठ खड़े होने का जज्बा दिखाया है।

रेटिंग एजेंसी के आकलन में वित्तीय क्षेत्र की बेहतर होती स्थिति को तो रेखांकित किया ही गया है, यह भी कहा गया है कि इकॉनमी के तमाम सेक्टर्स में रिकवरी की रफ्तार उससे तेज रही, जितनी अपेक्षा की जा रही थी। इसी वजह से यह उम्मीद भी जताई गई है कि वास्तविक जीडीपी इसी साल महामारी के पहले के स्तर को पार कर जाएगी। गौर करने की बात है कि इन पॉजिटिव बदलावों के पीछे उन कुछेक ठोस कदमों की बड़ी भूमिका रही, जो वित्तीय तंत्र की कमियों को दूर करने के मकसद से इस बीच उठाए गए। उदाहरण के लिए बैंकों पर बढ़ता एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) का बोझ पिछले कई वर्षों से एक बड़ी समस्या के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है। अब अगर इस मोर्चे पर भी हालात को बेहतर होता बताया जा रहा है तो उसके पीछे एक वजह यह भी है कि नए कानूनों की मदद से वित्तीय व्यवस्था मजबूत हुई है और कर्ज भी पहले की तुलना में कहीं आसानी से मिल रहा है। हालांकि सरकारी खजाने पर दबाव की समस्या बनी हुई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जैसे-जैसे आर्थिक माहौल बेहतर होगा, सरकार के लिए वित्तीय घाटा कम करने वाले कदम उठाने की गुंजाइश बढ़ेगी और हालात काबू में आते जाएंगे। जोखिम का एक बड़ा स्रोत कोरोना वायरस का संक्रमण भी रहा है। इसकी दूसरी लहर ने उठती हुई अर्थव्यवस्था को एक बार फिर पीछे धकेल दिया था। मगर उसके बाद टीकाकरण की तेज मुहिम की बदौलत तीसरी लहर की आशंका काफी कम करने में कामयाबी मिली है। माना जा रहा है कि तीसरी लहर आई भी तो उसका स्वरूप वैसा विनाशकारी नहीं होगा, जैसा कोरोना की दूसरी लहर का था। इस विश्वास ने आर्थिक रिकवरी को रफ्तार देने में अहम भूमिका निभाई है। बहरहाल, हमें ध्यान रखना होगा कि न तो कोरोना के खतरे का पूरी तरह खात्मा हुआ है और न ही इकॉनमी पूरी तरह उबरी है। जैसे टीकाकरण की रफ्तार बनाए रखनी है, वैसे ही इकॉनमी के मोर्चे पर भी लगातार प्रयास जारी रखने होंगे। सबसे बड़ी चुनौती अब भी रोजगार के अधिक से अधिक मौके उपलब्ध कराने की है ताकि मांग बढ़े और इकॉनमी का चक्का रफ्तार पकड़े।

# क्या हिंसक होती जा रही आंदोलन की राजनीति?

**उमेश चतुर्वेदी**

राजनीति का लक्ष्य जब से सिर्फ सत्ता प्राप्ति तक सीमित हो गया है, तब से हर मुद्दे के पीछे राजनीति ही देखी जाने लगी है। आम लोग भी अब यह समझते हैं कि जहां चुनाव करीब होंगे, वहां के मुद्दों को राजनीतिक आंच पर पकाया जाएगा। आग में घी की तरह उन संवेदनशील मुद्दों को भी डाला जाएगा, जिनसे लोकहित का नुकसान पहुंच सकता है। दल या व्यक्ति विशेष के राजनीतिक फायदों के लिए उछाले जाने वाले मुद्दों को भी लोक, समाज और राष्ट्रहित के मुलम्मे में पेश किया जाएगा। लखीमपुर खीरी की त्रासद घटना के बाद भी ऐसी ही कोशिश हो रही है।

उत्तर प्रदेश में कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। लखनऊ की सत्ता पर कब्जे के लिए तमाम राजनीतिक दल अपने-अपने समर्थक आधार के लिहाज से मुद्दे तलाशने-बनाने और उछालने में जुट गए हैं। ऐसे माहौल में लखीमपुर की घटना ने उन्हें मुफीद मौका दे दिया है। स्वाधीन भारत में मान्यता रही है कि दिल्ली के तख्त की राह उत्तर प्रदेश से ही गुजरती है। विपक्ष को लगता है कि अगर उसने बीजेपी को अवध, पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और रुहेलखंड की धरती पर मात दे दी तो दिल्ली के तख्त पर मजबूती से जमी सत्ता को उखाड़ फेंकना उनके लिए आसान होगा। यही वजह है कि लखीमपुर की आग पर राजनीतिक रोटी सेंकने की मियाद बढ़ने की आशंका है। हालांकि घटना के फौरन बाद जिस तरह योगी सरकार ने कार्रवाई की और जैसे कदम उठाए, उससे फिलहाल मामला शांत होने की ओर बढ़ता दिख रहा है। चाहे मारे गए किसानों के परिजनों को 45-45 लाख रुपये का मुआवजा देना हो, हाईकोर्ट के अवकाशप्राप्त न्यायाधीश से मामले की जांच कराने का फैसला हो या फिर केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र के आरोपी बेटे पर केस दर्ज करना, योगी सरकार ने इन फैसलों के जरिए मामले को संभालने की कोशिश की।

फिर भी इस घटना ने कुछ गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आखिर इस उग्र घटना को भांपने में उत्तर प्रदेश पुलिस और उसकी स्थानीय खुफिया व्यवस्था नाकाम क्यों रही? अतीत में किसान आंदोलन उत्पात कर चुका है। इसलिए यह भी नहीं कहा जा सकता कि प्रशासन को इन घटनाओं का अंदेशा नहीं था। कृषि कानून का समर्थक खेमा बार-बार यह आशंका जताता रहा है कि किसान आंदोलन की आड़ में असामाजिक तत्व अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। इसके मद्देनजर प्रशासन को जिस स्तर पर अलर्ट होना चाहिए था, कम से कम लखीमपुर खीरी में वैसा नहीं दिखा। अगर प्रशासन अलर्ट होता तो इस अप्रिय घटना को टाला जा सकता था।

दूसरी बात यह कि चाहे मारे गए किसान हों, स्थानीय पत्रकार रमण कश्यप हों या हिंसा का शिकार हुए अन्य लोग, वे सब इसी देश के नागरिक थे। लोगों के बीच मतभिनन्ताएं हो सकती हैं, किसी मसले पर उनके अलग-अलग विचार हो सकते हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि विचारों की भिनन्ता को लेकर किसी की हत्या कर दी जाए। राजनीति बार-बार दावे करती है कि उसका लक्ष्य व्यापक लोक हित का ध्यान रखना है। यही वजह है कि गोविंदाचार्य ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस घटना का राजनीतिक फायदा उठाने के बजाय मामले को ठंडा करने की सोचें। लेकिन अपने-अपने फायदे की चाशनी देख रही राजनीति को गोविंदाचार्य के शब्द क्यों लुभाते? संविधान को स्वीकृति दिए जाने के दिन संविधान सभा में डॉक्टर आंबेडकर ने साफ कहा था कि आजाद भारत में आंदोलन और धरने आदि से बचना होगा। उनके हिसाब से आजादी मिलने के साथ ही उनकी उपादेयता खत्म हो गई थी। राजनीति आंबेडकर को तो खूब याद करती है, लेकिन उनके इन शब्दों को याद करना नहीं चाहती। शायद राजनीति समझती है कि अगर वह ऐसी घटनाओं का फायदा नहीं उठाए तो अप्रासंगिक हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने किसान कानूनों के बारे में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए ठीक ही कहा है कि जब भी लखीमपुर जैसी घटनाएं होती हैं, तो उनकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई आगे नहीं नहीं आता। लखीमपुर की आठ जानों के बदले में चाहे जितना भी मुआवजा मिले, सामाजिक संगठन चाहे जितनी मोटी रकम जुटा लें, पर बड़ी से बड़ी रकम भी किसी जिंदगी के बराबर नहीं हो सकती। जो इस घटना में मारे गए हैं, भविष्य में उनकी कमी की कीमत उनके परिवार चुकाएंगे। तब ना तो राजनीति नजर आएगी, ना ही प्रशासन। 45 लाख मुआवजा, 8 दिनों में गिरफ्तारी, रिटायर्ड जज से जांच और नौकरीष्ठ लखीमपुर कांड में प्रशासन और किसानों में समझौताआज की लड़ाइयां छवियां बनाने और बिगाड़ने की भी लड़ाइयां हो गई हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में सबका अपने हिस्से का सच है। इसी परिपाटी के मुताबिक किसान संगठन अपना सच दिखा रहे हैं और दूसरा पक्ष उन्हें अधूरा बता रहा है। इसी तरह आरोपी पक्ष अपना सच दिखा रहा है और किसान संगठन इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। लेकिन जिस तरह हिंसा हुई है, गिरे पड़े लोगों को बेरहमी से पीटा जा रहा है, उसे राजनीति और आंदोलन तो कहा ही नहीं जा सकता। यह निर्मम हत्याओं का मामला है और इस मामले में कानून को अपना काम करना चाहिए। योगी सरकार ने ठीक ही हाईकोर्ट के अवकाशप्राप्त न्यायाधीश से पूरे मामले की जांच कराने का फैसला किया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच में पूरे तथ्य सामने आएंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। आखिर में एक और बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह पूरा घटनाक्रम सिर्फ कानून व्यवस्था का मामला न समझ लिया जाए। इसके गहरे निहितार्थों, लक्ष्यों और दूरगामी प्रभावों का भी खयाल किया जाना चाहिए। तभी भविष्य में ऐसी घटनाओं को होने से रोका जा सकेगा। किसान संगठनों को भी सावधान रहना होगा कि उनके समर्थक हिंसक ना हों। हिंसा अंततः हर पक्ष के लिए नुकसानदायक होती है। लेकिन लाख टके का सवाल है कि बक्कल उतारने की भाषा का इस्तेमाल करने वाला किसान आंदोलन का नेतृत्व इस तथ्य को समझने की कोशिश करेगा?

# कॉमन रूमः सोशल रहना है तो क्या छोड़ना होगा फेसबुक?

**राहुल पाण्डेय**

दुनिया भर में बहुत सारे लोगों का मानना है कि सोमवार रात फेसबुक अपने इंस्टा और वॉट्सऐप सहित इसलिए गायब हुआ, क्योंकि उसे अपना वह डेटा गायब करना था, जिसकी रिपोर्ट व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हॉगन ने सोमवार को ही अमेरिकी कांग्रेस के सामने रखी थी। फ्रांसेस हॉगन ने फेसबुक से ही उड़ाए डेटा के आधार पर कांग्रेस को बताया कि किस तरह से फेसबुक बच्चों और लोकतंत्र से खिलवाड़ कर रहा है। सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक चली तकरीबन सात घंटे के जद्दोजहद के बाद फेसबुक ने खुद को रीस्टोर तो कर लिया, लेकिन उसकी वेबसाइट और ऐप में बुधवार तक समस्याएं आती रहीं।

इस तरह की वेबसाइट्स का हिसाब-किताब रखने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर डॉट कॉम पर बुधवार तक यूजर्स कंप्लेन करते रहे। किसी का स्टेटस तीन-तीन बार अपलोड हो जा रहा था तो किसी का कॉमेंट ही गायब हो जा रहा था। खुद मेरी फेसबुक प्रोफाइल पर लोग बुधवार तक इन्हीं समस्याओं से जूझते दिखे। दुनिया भर से डेढ़ करोड़ से भी अधिक लोगों ने इस प्रॉब्लम की कंप्लेन की और सभी यह जानना चाहते हैं कि आखिर ऐसा हुआ क्यों? लेकिन अपनी आदत से लाचार इस बदनाम कंपनी ने अभी तक यह नहीं बताया है कि आखिर हुआ क्या था? उसकी इस गड़बड़ी से उसे तो जो अरबों डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा, वह तो उठाना ही पड़ा, एक वेबसाइट के मुताबिक दुनिया भर को 11 अरब रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा इसलिए, क्योंकि लोग फेसबुक पर सिर्फ बातचीत नहीं करते, धंधा भी करते हैं। मार्क जकरबर्ग 'बड़े' आदमी हैं, और फ्रांसेस हॉगन की मानें तो प्रॉफिट को हम जैसे आम यूजर्स के ऊपर रखते हैं। सो उन्हें तो ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। मगर जो छोटे-छोटे व्यापारी इस साइट से अपना व्यापार करते हैं, उनकी हालत खराब हो गई। क्या मार्क जकरबर्ग उनको हुए नुकसान की भरपाई करेंगे?

हालांकि दुनिया भर में फेसबुक के बयानों पर अब कोई आसानी से विश्वास नहीं करता, फिर भी एक समाचार एजेंसी ने कंपनी के कर्मचारियों से बात करके खुलासा किया कि यह वारदात कंपनी की मशीनों में हुई एक गलती की वजह से हुई। एनवाई टाइम्स, द गाजियन और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे अखबारों में जिन एक्सपर्ट्स ने अपनी राय दी, उसके मुताबिक यह कंपनी के अंदर की गलती थी। साथ ही यह भी संभावना है कि इसमें कोई अंदर का आदमी शामिल हो सकता है। जिस तरह से अमेरिकी व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हॉगन फेसबुक की हरकतों पर चिंतित हैं, कंपनी में काम करने वाले और लोग भी चिंतित हो सकते हैं। आखिर मामला हमारे बच्चों और लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है। दूसरी तरफ कुछ अमेरिकी वेबसाइट ने सनसनीखेज दावा करते हुए बताया कि यह फेसबुक के अंदर की गलती नहीं थी। इन वेबसाइट्स के मुताबिक यह थॉमस नाम के हैकर का कारनामा था। इनका यह भी दावा था कि यह मामला अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के संज्ञान में है और इस कुख्यात अपराधी थॉमस को पकड़ने की जिम्मेदारी एफबीआई में साइबर क्राइम के अधिकारी जॉन मैकक्लेन को दी गई है। फेसबुक जिस तरह से गायब हुआ, उसके बाद दुनिया में कई तरह की बहसें फिर से तेज हो चुकी हैं। पहली तो यही कि क्या ऐसी चीज को, जिससे दुनिया की एक बहुत बड़ी आबादी जुड़ी हुई है, महज एक कंपनी के नियंत्रण में बने रहने देना ठीक होगा? सोशल मीडिया पर अपनी मोनोपोली बनाने के लिए कई गलत और गैरकानूनी काम करने के आरोप फेसबुक पर पहले भी लग चुके हैं। सोमवार को हुई वारदात में पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे यह मोनोपोली एक आम आदमी को नुकसान पहुंचा सकती है।

दूसरी बात यह चल रही है कि सात घंटे के आउटेज का फायदा दूसरों को भी उठाना चाहिए। कई कंपनियों ने इस वारदात का खूब फायदा उठाया। ट्विटर लगभग ओवरलोड ही हो गया, तो सिगन्ल ऐप ने 70 मिलियन नए यूजर्स जोड़े। ऐसे में अगर यह मानते हों कि जिस तरफ दुनिया जा रही है, उसी तरफ जाने में समझदारी है तो फेसबुक के सभी प्रॉडक्ट्स पर पूरी तरह निर्भर रहने की आदत लोगों को छोड़नी होगी।

# बीमारियों की सौगात परोस रहा है वायु प्रदूषण, नहीं संभले तो स्थिति गंभीर हो जायेगी

**योगेश कुमार गोयल**

भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत करीब 69 फीसदी है और देशभर में 23 फीसदी से भी ज्यादा मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। दुनियाभर में वायु प्रदूषण के खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है, यहां तक कि लोगों की आयु घटने का भी एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। हाल ही में बेल्जियम में हुए एक अध्ययन में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सामान्य वायु प्रदूषकों से भी हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। प्रमुख शोधकर्ता सैन मैटेओ फाउंडेशन के डॉ. फ्रांसेस्का आर जेंटाइल के अनुसार सात सामान्य प्रदूषकों का अध्ययन करने पर पाया गया कि इनके कारण हृदय गति रूकने का खतरा बढ़ा। इस अध्ययन में रोजमर्रा के प्रदूषकों की सांद्रता तथा अस्पताल के बाहर देखे गए कार्डियाक अरेस्ट के मामलों के बीच संबंधों की पहचान की गई। दरअसल वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव शरीर पर निरन्तर घातक होता जा रहा है। वर्ष 1990 तक जहां 60 फीसदी बीमारियों की हिस्सेदारी संक्रामक रोग, मातृ तथा नवजात रोग या पोषण की कमी से होने वाले रोगों की होती थी, वहीं अब हृदय तथा सांस की गंभीर बीमारियों के अलावा भी बहुत सी बीमारियां वायु प्रदूषण के कारण ही पनपती हैं। सिर के बालों से लेकर पैरों के नाखून तक अब वायु प्रदूषण की जद में होते हैं।

भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत करीब 69 फीसदी है और देशभर में 23 फीसदी से भी ज्यादा मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। विभिनन्रिपोर्टों में यह तथ्य भी सामने आया है कि भारत में लोगों पर पीएम 2.5 का औसत प्रकोप 90 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक पिछले दो दशकों में देशभर में वायु में प्रदूषक कणों की मात्रा में करीब 69 फीसदी तक की वृद्धि हुई है और जीवन प्रत्याशा सूचकांक, जो 1998 में 2.2 वर्ष कम था, उसके मुकाबले अब एक्यूएलआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 5.6 वर्ष तक कमी आई है। अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी के 'द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट' के शोधकर्ता एक अध्ययन के बाद खुलासा कर चुके हैं कि वायु प्रदूषण के ही कारण भारत में लोगों की औसत आयु कम हो रही है।

कुछ अध्ययनों के अनुसार भारत की कुल 1.4 अरब आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जगहों पर रहता है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण का औसत स्तर डब्लूयूएचओ के मानकों से ज्यादा है। 84 फीसदी व्यक्ति ऐसी जगहों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर भारत द्वारा तय मानकों से अधिक है। भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है और यदि प्रदूषण का स्तर बरकरार रहता है तो उत्तर भारत में करीब 25 करोड़ लोगों की आयु में आठ साल से ज्यादा की कमी आ सकती है। उत्तर भारत दक्षिण एशिया में सर्वाधिक प्रदूषित हिस्से के रूप में उभर रहा है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण पिछले 20 वर्षों में 42 फीसदी बढ़ा है और जीवन प्रत्याशा घटकर 8 वर्ष हो गई है। हालांकि भारत 'नेशनल क्लीन एयर' कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024 तक पार्टिकुलेट प्रदूषण को 20-30 फीसदी तक घटाने के लिए प्रयासरत है लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि भारत अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ तो इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यदि भारत अगले कुछ वर्षों में प्रदूषण का स्तर 25 फीसदी भी घटा लेता है तो राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा 1.6 वर्ष और दिल्लीवालों की 3.1 वर्ष बढ़ जाएगी।कुछ ही दिनों पहले 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक' (एक्यूएलआई) की नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण तरह-तरह की बीमारियां पैदा करने के अलावा लोगों की आयु भी घटा रहा है अर्थात् इसका सीधा प्रभाव जीवन प्रत्याशा पर पड़ रहा है। भारत के संदर्भ में रिपोर्ट में कई सनसनीखेज तथ्य उजागर किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के अनुमानित प्रभावों की तीव्रता सम्पूर्ण उत्तर भारत में बहुत ज्यादा है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनियाभर में सबसे ज्यादा खतरनाक है। एक्यूएलआई रिपोर्ट के अनुसार यदि वर्ष 2019 जैसा वायु प्रदूषण संघनन जारी रहा तो दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता जैसे सर्वाधिक प्रदूषित महानगरों में रहने वाले लोग अपनी जिंदगी के नौ से ज्यादा वर्ष खो देंगे। रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 48 करोड़ लोग गंगा के मैदानी क्षेत्र में रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है और यह प्रदूषण अब गंगा के मैदानों से आगे मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे राज्यों तक फैल गया है, जहां खराब वायु गुणवत्ता के कारण लोग 2.5 से 2.9 वर्ष की जीवन प्रत्याशा खो सकते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट के मुताबिक केन्द्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्य राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा को 1.7 वर्ष तक बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं लेकिन इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक मोर्चे पर ठोस नीतियों की आवश्यकता है।

कुछ समय पूर्व बोस्टन के 'हैल्थ इफैक्ट इंस्टीच्यूट' तथा 'हैल्थ मैट्रिक्स एंड एवल्यूशन' की प्रदूषण के मनुष्यों की आयु पर पड़ने वाले अच्छे-बुरे प्रभावों को लेकर किए गए अध्ययन की रिपोर्ट भी सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि भारत सहित सभी एशियाई देशों में वायु में घुलनशील प्रदूषणकारी तत्वों पीएम 2.5 की मात्रा निरन्तर बढ़ रही है। अध्ययनकर्ताओं का कहना था कि पीएम 2.5 का स्तर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अफ्रीकी देशों में डब्लूयूएचओ के मानकों से बहुत ज्यादा है, जिस कारण दुनियाभर के प्रत्येक क्षेत्र में जीवन प्रत्याशा में कमी आ रही है। आईसीएमआर की एक रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में औसत आयु घट रही है। पिछले साल 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' द्वारा भी कहा गया था कि वायु प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के कारण देश में जीवन प्रत्याशा औसतन 2.6 वर्ष घट गई है। बहरहाल, शोधकर्ताओं का कहना है कि वायु की गुणवत्ता में सुधार करके इस स्थिति को और बिगड़ने से बचाया जा सकता है। एक्यूएलआई के निदेशक केन ली कहते हैं कि जीवाश्म ईंधन संचालित वायु प्रदूषण आज एक वैश्विक समस्या है और वायु प्रदूषण से मुक्ति पूरी दुनिया को औसत आयु में दो वर्ष जबकि सर्वाधिक प्रदूषित देशों को पांच साल बढ़त दिला सकती है। ली के मुताबिक अगर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल वायु गुणवत्ता को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बनाने में सफल हो जाएं तो यहां के लोगों की औसत आयु 5.6 वर्ष बढ़ जाएगी अन्यथा उम्र इतनी ही घट जाएगी। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के निदेशक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल ग्रीनस्टोन के मुताबिक वायु प्रदूषण पर अब गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों-अरबों लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ जीवन जीने का हक मिल सके।

# कुछ तो मजबूरियां रहीं होंगी, यूं ही कोई जिस्म नहीं बेचता

**विनीत त्रिपाठी**

बेहद शर्मिंदगी महसूस करते हुए आगे लिखना पड़ रहा है और उतने ही मजबूर आप भी हो रहे होंगे क्योंकि आप वो पढ़ रहे हैं जो आपने कभी महसूस नहीं किया होगा। सोचिए, और खुद से सवाल कीजिए हम कहां तक पहुंचते जा रहे हैं। आज 2 अक्टूबर है। राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन है। उन्हीं महात्मा गांधी ने जिन्होंने कहा था कि अगर एक अकेली स्त्री सारी रात सुरक्षित घूम सके तो समझना कि देश आजाद हो गया। और हां एक बात और मुझ पर इल्जाम मत लगाइयेगा कि मैंने शीर्षक बशीर बद्र के उस शेर से लिया है जिसमें उन्होंने लिखा कि कुछ तो मजबूरियां रहीं होंगी यूं ही कोई बेवफा नहीं होता। जी हां, बशीर बद्र साहब के इसी शेर से मैंने ये शीर्षक बुना है। आज यहां पर सवाल उठ रहा है कि हमारे इंसान होने पर। हम क्या होते जा रहे हैं। हिंदुस्तान के गौरव और यहां की संस्कृति का गुणगाम करते नहीं थकते यहां के वेद, पुराण और तमाम वो बड़ी-बड़ी बातें जिसमें कहा जाता है यत्र तु नार्यः पूज्यन्ते तत्र देवताः रमन्ते, यत्र तु एताः न पूज्यन्ते तत्र सर्वाः क्रियाः अफलाः (भवन्ति) । जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं और जहां स्त्रियों की पूजा नहीं होती है, उनका सम्मान नही होता है वहां किये गये समस्त अच्छे कर्म निष्फल हो जाते हैं। बेमानी हैं ये सब। कहां चली जाती है वो संस्कृति जब एक 11 साल की लड़की को अपना जिस्म बेचना पड़ता है ताकि उसकी मां का इलाज हो जाए। सोचिए किस हद तक गिर गए है हम लोग। अब इससे ज्यादा क्या हो सकता है। इससे भी बड़ा दुर्भाग्य ये 11 साल की मासूम के साथ अगर ऐसा हो जाता तो क्या ये समाज उस लड़की को इज्जत की नजर से देखेगा। क्या कोई उसका हाथ थामेगा। उसको समाज में किस तरह की फब्तियों का शिकार होना पड़ेगा। क्या वो बच्ची जिसने अपनी मां की जान बचाने के लिए अपने जिस्म को दरिदों को बेंच देने का फैसला किया।

क्या कानून, क्या सरकारें, क्या वो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं हम लोग। बड़े-बड़े ज्ञानी जिनके लाखों, करोड़ों अनुयायी हैं जो अपना एक साम्राज्य चलाते हैं कहां है वो सब। जो बात-बात में वॉट्सअप, ट्विटर, फेसबुक पर जंग लड़ते थे। ज़रा 9 साल पहले फ़्लैश बैक पर चाहिए। आंखें मूंदिए और लुटियंस दिल्ली को देखिए। चारों तरफ सिर्फ आंदोलन थे, पानी की बौछारों के बीच हाथों पर तख्तियां थी। उन तख्तियों में निभय्या के लिए न्याय मांगा जा रहा था। मुझे याद है कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें भी युवाओं को टस से मस नहीं कर पा रहीं थीं। मगर दुर्भाग्य निभय्या को न्याय मिलने के लिए 8 साल लग गए। उनके मां-बाप को सैकड़ों नहीं हजारों बार जज के सामने ये बताना पड़ा कि कैसे उनकी लड़की को भेडि़यों ने नोचा। लेकिन उनकी लड़ाई ने मुजरिमों को फांसी के तख्ते तक पहुंचाया। मैंने उस लड़की को देखा नहीं, कभी मिला नहीं लेकिन शायद उसके दर्द का एक अंश महसूस किया। एक अंश ने ही मेरे पैरों के नीचे से जमीन खिचका दी। एक मां जिसने एक बेटी को 9 महीने खून से सींचा। उसके बाद जब वो पैदा हुई तो उसको पाला, बड़ा किया पढ़ाया लिखाया। लेकिन उस मां को गंभीर बीमारी कैंसर ने अपनी जद में ले लिया। उस बच्ची से उसके जिस्म का सौदा किया गया। उससे कहा गया कि उसको 5000 रुपये में वर्जिनिटी बेंचनी पड़ेगी तब उसको पैसा मिलेगा। मजबूरी का आलम यह कि लड़की का 40 हजार रुपये में एक ग्राहक के साथ सौदा भी कर दिया जाता है। हैरान मत होइए। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

# एनआरएफ से देश में नहीं बदलेगी रिसर्च की तस्वीर

**रामानंद नंद**

प्रधानमंत्री विज्ञान, तकनीकी और इनोवेशन सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के साथ मिल कर राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) का एक ड्राफ्ट तैयार किया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह ड्राफ्ट आने वाले वक्त में रिसर्च की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण रोल निभाएगा। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्रमुख सिफारिशों में से एक थी। इसका मकसद देश में रिसर्च कल्चर को बढ़ावा देना और उसके लिए जरूरी सुविधा मुहैया कराना है। ड्राफ्ट में जो बात प्रमुखता से उठाई गई, वह यह कि एनआरएफ सभी तरह के प्रतिस्पर्धी शोध प्रस्तावों को उनकी समीक्षा के बाद उन्हें फंड देगा, फिर चाहे वह जिस भी भाषा में हों। लेकिन इसी ड्राफ्ट के शुरू में कही गई बात बाद के पननें में दिखाई नहीं देती। इसलिए इस ड्राफ्ट को जारी किए जाने के बाद से ही एबीवीपी (आरएसएस की छात्र शाखा) जैसे छात्र संगठनों और शिक्षा से जुड़े अन्य लोगों ने भी इसकी आलोचना शुरू कर दी। उनका कहना है कि मौजूदा ड्राफ्ट सभी विषयों के मध्य संतुलन बना पाने में नाकाम है। भारत सरकार ने जब राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की थी, तब शैक्षणिक जगत से जुड़े तमाम लोगों को राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन से एक उम्मीद जगी थी कि यह भारत में अनुसंधान की स्थिति में सुधार लाएगा। 2021 के बजट में वित्त मंत्री ने एनआरएफ को 50 हजार करोड़ देकर इस उम्मीद को और भी पुख्ता कर दिया।

अब अगली ध्यान देने वाली जो बात है, वह यह कि बजट पास होने के छह महीने बाद प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इनोवेशन सलाहकार परिषद एक ड्राफ्ट ले कर आई, जो भारत की शोध आवश्यकताओं के लिए जरूरी वातावरण का निर्माण करने में फेल नजर आ रहा है। ऐसा कहा गया था कि यह संगठन, सभी विषयों को समान रूप से प्रोत्साहन देगा। मगर वह इसके विपरीत खुद स्वीकार करता है कि वह मुख्य रूप से अमेरिका के नेशनल साइंस फाउंडेशन और विश्व के अन्य वैज्ञानिक संस्थानों से प्रेरित है। मूल बात यह है कि ऐसे दस्तावेज जिनका मकसद और क्षेत्र बड़ा हो, उन्हें अपने अध्ययन में और भी व्यापक, सबको साथ लेकर चलने वाला और दूरदर्शी होना चाहिए। ऐसी उम्मीद थी कि यह दस्तावेज आने वाले 40-50 सालों तक शोध को दिशा देने वाला होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कई मौकों पर इसका जिक्र करते हुए एक संतुलित और समावेशी अनुसंधान संस्कृति के विकास की बात की थी। यह भी गौर करने वाली बात है कि मौजूदा ड्राफ्ट में मानविकी और सामाजिक विज्ञान का न उतना उल्लेख हुआ और न ही उनके विकास की कोई स्पष्ट चर्चा हुई। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया ने कैसे तकनीक और सामाजिक विज्ञान के सामंजस्य की बदौलत पूरी दुनिया को अपनी प्रगति से प्रभावित किया है, मगर भारत में इस बात को समझने में और समय लगेगा, ऐसा इस दस्तावेज से मालूम होता है। दस्तावेज किस प्रकार विषयों के बीच असंतुलन और भेद-भाव प्रकट करता है, यह महज दो बातों से साफ हो जाता है। पहला- धन का एक बड़ा हिस्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए समर्पित होगा। दूसरा, यह भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करता है कि बोर्ड का अध्यक्ष इंजीनियरिंग या प्राकृतिक विज्ञान के बैकग्राउंड वाला कोई शख्स होगा। जाहिर है कि इसको तैयार करने वाले लोगों को सामाजिक विज्ञान और मानविकी की अहमियत आज के समय में नहीं दिखाई पड़ती है। शिक्षा नीति के दस्तावेज में वैसे तो विषय को लेकर कोई भेदभाव नहीं दिखता है। मगर उसी शिक्षा नीति से वजूद में आए एनआरएफ के दस्तावेज में कई कमियां शक पैदा करती है। जिस तरह शिक्षा नीति में एनआरएफ को दिखाया गया था, उससे लग रहा था कि आने वाले समय में यह भारत में रिसर्च की तस्वीर ही बदल देगा। मगर इस दस्तावेज ने उन उम्मीदों को पूरा नहीं किया।

## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, ट्रेनर निक वेब ने पद छोड़ने का किया ऐलान





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच निक वेब आगामी टी 20 वर्ल्ड कप के बाद अपने पद से हट जाएंगे। निक वेब साल में 6 से 8 महीने घर से दूर नहीं रहना चाहते हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2019 के बाद शंकर बसु का कार्यकाल समाप्त होने के बाद निक वेब टीम इंडिया के साथ जुड़े थे। लेकिन अब उन्होंने अलग होने का फैसला लिया है। कोविड काल के बाद उनके लिए अपने परिवार से दूर रहना काफी कठिन हो गया है। निक वेब ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दो साल बाद अपने पद छोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने लिखा,'मैंने हाल ही में बीसीसीआई को सूचित किया है कि मैं टी 20 वर्ल्ड कप के बाद अपने कॉन्ट्रैक्ट को बढ़ाने की मांग नहीं करूंगा।' वेब ने कहा कि उन्होंने न्यूजीलैंड में चल रहे कोविड -19 प्रतिबंधों के कारण अपने परिवार को सबसे पहले रखने का फैसला किया है। यह एक आसान फैसला नहीं है, लेकिन अंत में मुझे लगा कि अपने परिवार को सबसे पहले रखना चाहिए। मौजूदा समय में न्यूजीलैंड में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति को 14 दिनों के लिए इंस्टीट्यूशनल क्वारंटाइन में रहना अनिवार्य है।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे पता नहीं है कि आगे भविष्य में मेरे लिए क्या है। एक बात जो मुझे पता है, वह यह है कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 वर्ल्ड कप में गाइड करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होने भारतीय टीम की उपलब्धियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उस ड्रेसिंग रूम में होना उनके लिए सौभाग्य की बात थी। पिछले दो सालों से मुझे बीसीसीआई और टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिला। हमने इस दौरान एक टीम के रूप में बहुत कुछ हासिल किया है। एक टीम के रूप में हमने इतिहास बनाया, हमने मैच जीते और हारे भी, लेकिन हमने लगातार चुनौतियों को स्वीकार किया है। मुकाबले में ऐसी चीजें ही इस टीम को खास बनाती हैं।

### आईपीएल 2021 की सबसे तेज गेंद फेंकने वाले उमरान मलिक को विराट कोहली से मिला खास गिफ्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा क्रिकेटरों का मनोबल बढ़ाने के मामले में विराट कोहली हमेशा आगे रहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में बुधवार को अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच मैच खेला गया। इस मैच में एसआरएच की ओर से खेल रहे जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने आईपीएल 2021 की सबसे तेज गेंद फेंकी। उमरान ने करीब 153 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उमरान ने अपने चार ओवर में 21 रन खर्चकर एक विकेट लिया। मैच के बाद उन्हें आरसीबी के कप्तान विराट से एक खास गिफ्ट मिला। विराट ने मैच के बाद उमरान की जर्सी पर साइन किया। इन दोनों की साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

## भुवनेश्वर कुमार ने बताया, एबी डिविलियर्स को आखिरी ओवर में गेंदबाजी करते समय कैसी थी हालत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2021 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच रोमाचंक मुकाबला हुआ। आखिरी ओवर तक खीचें इस मुकाबले में हैदराबाद ने बैंगलोर को 4 रन से हरा दिया। भुवनेश्वर कुमार ने एसआरएच की तरफ से आखिरी ओवर डाला। आरसीबी को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 13 रन चाहिए। आरसीबी को जब 3 गेंदों में 12 रन चाहिए तो उन्होंने सिंगल लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद चौथी गेंद पर उन्होंने सिक्स जड़ा। भुवी ने अंतिम दो बॉलों में एक रन दिया और टीम को जीत दिलाई। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वो झूठ बोलेंगे अगर वो कहेंगे कि एबी डिविलियर्स को गेंदबाजी करते समय वो नर्वस नहीं थे।

मैच के बाद भुवनेश्वर ने कहा,' अगर मैं कहूं कि मैं नर्वस नहीं था तो मैं झूठ बोलूंगा। उन्हें फुल लेंथ पर गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था, और कुछ नहीं। ये ही मेरा प्लान था। लेकिन जब मुझे सिक्स पड़ा तो मैं वाइड यॉर्कर के साथ गया। हम सोच रहे थे कि 10-15 रन कम हैं। लेकिन जिस तरह से सबने गेंदबाजी की वो जबरदस्त थी।' एबी डिविलियर्स ने 13 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाए लेकिन वो टीम को जीता नहीं सके। मैच की बात करें तो बैंगलोर को मैच जीतने के लिए 142 रनों की जरूरत थी। लेकिन वो निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। बैंगलोर की तरफ से देवदत्त पडीक्कल ने 41 और ग्लेन मैक्सवेल ने 40 रन बनाए।

## कप्तान राहुल ने अकेले दम पर दिलाई पंजाब किंग्स को धमाकेदार जीत, प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी बरकरार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के 53वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेनन्ई सुपर किंग्स को एकतरफा मुकाबले में 6 विकेट से हार का स्वाद चखाया। पंजाब ने कप्तान केएल राहुल की 98 रनों की तूफानी पारी के दम पर चेनन्ई से मिले 135 रनों के लक्ष्य को महज 13 ओवर में हासिल कर लिया। राहुल ने 233 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की और सीएसके के किसी भी गेंदबाज को नहीं बक्शा। इससे पहले टॉस हारने के बाद चेनन्ई के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन लगातार दूसरे मैच में भी जारी रहा और फाफ डुप्लेसी की 76 रनों की आतिशी पारी के बूते टीम 134 रन स्कोर बोर्ड पर लगाने में सफल रही। गेंदबाजी में पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और क्रिस जोर्डन ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम को केएल राहुल और मयंक अग्रवाल ने तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 4.3 ओवर में 46 रन जोड़े। मयंक 12 रन बनाकर शार्दुल ठाकुर की गेंद पर पवेलियन लौटे।


इसके बाद क्रीज पर उतरे सरफराज खान अपना खाता तक नहीं खोल सके और उसी ओवर में शार्दुल का दूसरा शिकार बने। शाहरुख खान भी एक सिक्स लगाने के बाद चलते बने। एडम मार्करम ने कप्तान राहुल का कुछ देर साथ निभाया, लेकिन उनको भी शार्दुल ने पवेलियन भेजा। दूसरे छोर पर मौजूद केएल राहुल पर एक तरफ से विकेट गिरने का कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने लगातार चौकों-छक्कों की बारिश जारी रखी और महज 13 ओवर में टीम को जीत दिला दी। राहुल 42 गेंदों में 98 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को सिक्स लगाकर जीत दिलाई।

## पूर्व सिलेक्टर एमएसके प्रसाद ने बताया, टी-20 वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई टीम इंडिया में क्या है कमी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि टीम इंडिया ने आगामी वर्ल्ड कप में एक तेज गेंदबाज कम शामिल किया है। टी-20 वर्ल्ड कप 17 अक्टूबर से यूएई और ओमान में शुरु होगा। विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने आईसीसी के इस टूर्नामेंट के लिए मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार को बतौर तेज गेंदबाज टीम में शामिल किया है। हार्दिक पांड्या ने आईपीएल 2021 में अभी तक एक ओवर भी नहीं फेंका है और वो टी-20 वर्ल्ड कप में गेंदबाजी नहीं कर सकते हैं। प्रसाद ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा,'यह टीम काफी अच्छी है लेकिन मुझे लगता है कि टीम में एक तेज गेंदबाज कम है, क्योंकि हम अधिकांश मुकाबले दुबई और अबुधाबी में खेलेंगे इसलिए शायद एक और तेज गेंदबाज अच्छा रहता। उन्होंने कहा कि अगर हम शारजाह में अधिक मैच खेलते जो यह ठीक था, लेकिन एक तेज गेंदबाज और होना चाहिए था और इससे भी जरूरी बात ये है कि हार्दिक गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह थोड़ी चिंता की बात है।'भारत आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्टूबर को दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ मुकाबले से करेगा। टीम इंडिया को ग्रुप 2 में रखा गया है। इसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें शामिल है। दो अन्य टीमें भी ग्रुप में आएंगी लेकिन उनका चयन क्वालीफायर मुकाबलों के आधार पर होना है। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज प्रसाद ने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद कोहली के टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि विराट ने सभी फॉर्मेटों में कप्तानी का दबाव लिया है, जो अभी उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसलिए,मुझे लगता है कि ये सही फैसला है।

## दीपक चाहर ने मैच के बाद किया अपनी गर्लफ्रेंड को प्रपोज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल मैचों के दौरान कई दिलचस्प नजारे देखने को मिलते हैं, जो फैन्स का दिल जीत लेते हैं। मैदान पर लाइव मैच के दौरान किसी लड़की को प्रपोज करने के किस्से तो काफी हैं, लेकिन किसी भारतीय खिलाड़ी ने शायद ही यह काम किया होगा। चेनन्ई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर कुछ ऐसा ही कारनामा करके सुर्खियों में छा गए हैं। दरअसल, पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच के बाद दीपक ने अपनी गर्लफ्रेंड जया को स्टैंड में जाकर प्रपोज कर दिया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दीपक चाहर ने मैच खत्म होने के बाद अपनी गर्लफ्रेंड जया भारद्वाज को स्टैंड में जाकर प्रपोज किया और घुटने के बल बैठकर उनका जिंदगी भर के लिए साथ मांगा। जिसके जवाब में जया ने दीपक को हां किया और चेनन्ई के तेज गेंदबाज ने अपनी गर्लफ्रेंड को रिंग पहनाई। दोनों इस खास मौके पर काफी खुश नजर आए और एक दूसरे को गले लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। दीपक का प्रदर्शन हालांकि मैच में कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने अपने 4 ओवर में एक विकेट लेकर 48 रन लुटाए। पंजाब किंग्स की टीम ने सीएसके से मिले 135 रनों के लक्ष्य को महज 13 ओवर में चेज किया। पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए महज 42 गेंदों में 98 रनों की तूफानी पारी खेली। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेनन्ई सुपर किंग्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और चौथे ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ 12 रन बनाकर चलते बने।

## कैंप लगाकर फेंक बिलिंग की समस्या का कराये समाधान : डीएम

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की मासिक समीक्षा बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** विकास कायी की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन-जिन विभागों का विद्युत बकाया धनराशि है, उसका भुगतान जल्द से जल्द करा दें।

उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी का शख्त निर्देश हैं कि जो भी फेंक बिलिंग के मांमले सामने आ रहे है उनका कैम्प लगाकर शीघ्र निराकरण किया जाए और विद्युत झट-पट पोर्टल का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे जनसामान्य को जानकारी प्राप्त हो सके और इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत जो भी कार्य हैं, शीघ्र पूर्ण कराये और सभी विद्यालयों का सर्वे कर पेयजल की व्यवस्था करायी जाए। जिलाधिकारी ने नहर विभाग की समीक्षा के दौरान नहरों की साफ सफाई तथा समय समय से नहरों में पानी छोडे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने नहर विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया की नहरों की साफ सफाई का कार्य योजना बनाकर मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराये। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित दिया कि जनपद में जो सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित दिया कि जो जनपद में गौ आश्रय स्थल हैं उनकी साफ-सफाई करवायी जाए। जो गौवंश बाहर टहल रहे हैं उनको संरक्षित किया जाए और जरूरत अनुसार चारे, पेयजल की व्यवस्था की जाए, ब्लाक स्तर पर कलस्टर बनाये जायें।

जहां-जहां गौवंश सड़कों पर एकत्रित होते हैं तत्काल वहां से हटवाया जाए और जो गौ आश्रय स्थलों में केयर टेकर हैं उनकों भी चेक कराया जाए कि वह वहां पर रूक रहे हैं या नहीं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजन, पेंशन, स्कालरशिप, शादी अनुदान अल्पसंख्यक, कन्या सुमंगला योजना, खादी ग्रामोद्योग स्वरोजगार योजना, कौशल विकास मिशन योजना की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यालय में नियमित रूप से जन सुनवायी की जाए और निस्तारण गुणवत्ता परक किया जाए। सभी कार्यालयों में हेल्पलाइन के डिस्प्ले लगवाये जायें, जिससे जनसामान्य को ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त हो सके और वे हेल्पलाइन के माध्यम से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, जिला परियोजना निदेशक मनोज कुमार राय, जिला अर्थ संख्याधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बालेश्वरधर द्विवेदी, उद्योग अधिकारी हरेंद्र प्रताप, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### प्रभु श्री राम ने तोड़ा धनुष, जयघोष से गूंज उठा रामलीला मैदान

**गोपीगंज।** नगर के ऐतिहासिक व प्राचीन रामलीला में पांचवे दिन धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया। रामलीला मैदान में गोपीगंज रामलीला समिति के तत्वावधान में बुधवार को धनुष यज्ञ की लीला आयोजित की गई। रामलीला व्यास पंडित शेषधर पाठक के सानिध्य में चल रहे रामलीला में स्थानीय कलाकारों ने भावपूर्ण मंचन किया। राजा दशरथ द्वारा सीता स्वयंर के दौरान जुटे कई देशों के राजाधिराज धनुष खंडित करने में असफल रहे तो माता सीता की विवाह को लेकर राजा जनक की चिंता बढ़ गई। उनके चेहरे को भाप गुरु विश्वामित्र की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान प्रभु श्रीराम ने पलक झपकते ही धनुष उठा खंडित कर दिया।

## स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा एनएमओ का मूल उद्देश्य

### डा. वीके दुबे को संस्था का बनाया गया काशी प्रांत सह सचिव



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** नगर के बाईपास रोड रामरायपुर स्थित जयदीप हास्पिटल के जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डा. वीके दुबे को एनएमओ का काशी प्रांत सह सचिव मनोनित किया गया है। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. आरएन चौरसिया द्वारा डा. वीके दुबे को मनोनयन पत्र प्रदान किया गया। बता दें कि डा. वीके दुबे अभी तक संगठन में भदोही जनपद के सचिव का दायित्व संभाल रहे थे। संगठन की हुई बैठक में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा डा. दुबे को संगठन के साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में किये गये सराहनीय कार्यो पर उन्हें बधाई दी गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव डा. विश्वम्भर ने संस्था के मूल उद्देश्य से परिचित कराते हुए कहा कि एनएमओ का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा करना है। इसके अंतर्गत देश एवं प्रदेश के प्रत्येक गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना, ब्लड डोनेशन कैंप लगाना, कोविड-19 जागकता रैली, प्लाजमा डोनेट करने के लिए टीम तैयार करना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड-19 के गाइड लाइन का पालन करते हुए आम जनता के बीच विशेष स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने कीदिशा में कदम उठाया जायेगा। एनएमओ द्वारा डा. वीके दुबे को सौंपे गये नये दायित्व को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जब भी देश और समाज को आवश्कता पड़ी है, एनएमओ ने उस कार्य में बढ़ चढ़ कर आगे आने का काम किया है। कहा कि अभी हाल ही में बीते कोविड-19 संक्रमण के दूसरे दौर में जब प्राणों के संकट का भय हर किसी को सता रहा था, उस समय भी इस संस्था से जुड़े लोगों द्वारा प्रभावित लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के साथ ही उनमें जागरूकता लाने तथा अन्य आवश्यक पहलुओं से अवगत कराने के लिए अभूतपूर्व कार्य किये गये। कहा कि हम सबका प्रयास होगा कि हम अपने स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के मूल उद्देश्य को सफल बनाने के लिए पूरी एक जुटता से कार्य करेंगे। इस अवसर पर डा. आरएन चौरसिया, डा. सचिदानंद, डा. अश्वनी कुमार, डा. प्रभात कुमार, संस्था के काशी प्रांत अध्यक्ष डा. सुभाष सिंह, डा. पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## आबादी की जमीन मे आवास बनवाने की जीद पर अड़ी महिला टंकी पर चढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के कसीदहां गांव में दूसरे की जमीन पर आवास बनाने पर अड़ी महिला नीलम देवी पतने संजय डेढ़ वर्षीय पुत्री को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। घटना की जानकारी पर पहुंची गोपीगंज पुलिस के साथ तहसीलदार तनुजा निगम मौके पर पहुंच गई। काफी समझाने बुझाने के बाद भी वह नीचे उतरने के लिए राजी नही हुई तो महिला पुलिस के सहयोग से उसे नीचे उतार कर थाने ले आया गया है। थाने में उसे तहसीलदार समझाने का प्रयास कर रही है।

संजय की पतनी नीलम को आवास मिला है, जिसे वह जहां रह रही है उसी जगह बनाना चाहती है। जबकि बटवारे में वह जमीन चचिया ससुर रामकुमार के हिस्से में है। उसके ससुर उसे अपने हिस्से की जमीन उसे आवास बनवाने के लिए दे रहे हैं, लेकिन वह आबादी की जमीन पर ही आवास बनाने के लिए अड़ी हुई है। गुरुवार को सुबह वह अपने चार बेटियों को साथ लेकर चार साल से बंद पड़े पानी की टंकी पर चढ़ रही थी। इस दौरान गांव के लोग उसे रोकना चाहा, लेकिन वह नही मानी उसके तीन बेटियों को नीचे ही रोक लिया गया। एक डेढ़ वर्षीय पुत्री को लेकर टंकी पर चढ़ गई। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ तहसीलदार तनुजा निगम उसे समझाने का प्रयास किया, जब वह नीचे उतरने को राजी नही हुई तो महिला पुलिस की मदद से उसे नीचे उतार कर थाने ले आया गया। थाने में ग्राम प्रधान पति कोमलराम के साथ तहसीलदार समझाने का प्रयास कर रहे है। ग्राम प्रधान के साथ गांव के लोगों ने महिला को ही दोषी ठहराया कहा कि वह दूसरे के हिस्से में आवास का निर्माण कराना चाहती है। बहरहाल थाने में मामले को लेकर मंथन चल रहा है।

## 2022 में पुनः प्रदेश में होगी भाजपा सरकार

### भाजपा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में सरकार की योजनाओ को जनता के बीच पहुंचाने पर चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विधान सभा भदोही का प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन भाजपा जिला अध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्वांचल बोर्ड के उपाध्यक्ष दयालु मिश्रा दयालु रहे। अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने अपना विचार व्यक्त किया। विधानसभा प्रभारी जगदीश नारायण पांडेय एवं विस्तारक सत्य प्रकाश मुख्य अतिथि ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में 2022 के उपलक्ष जो चुनाव होने हैं उस पर प्रकाश डाला। कहा 2022 का चुनाव हमारे कार्यकर्ता प्रबुद्ध वर्ग के लोग निश्चित ही आसान बनाएंगे। जिसके लिए पार्टी इस सम्मेलन को रखकर आप सब की जिम्मेदारियों का एहसास दिलाया। कहा आप सब के बूते हम जनता के बीच में जाएंगे और विकास की चर्चा जो बताएंगे। जनता के हित की बात करके उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बना कर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में सफल होगे। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए आपको आश्वस्त किया निश्चित ही 2022 का चुनाव निष्पक्ष होगा हमें अपने कार्यकर्ताओं पर भरोसा है। सपा बसपा और कांग्रेस इर्द गिर्द भी नजर नहीं आएगी। विकास के नाम पर वोट मांग कर उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से सरकार बनाने का काम करेंगे। सारी पाटिर्यां यह अपने आप को मान कर चल रही है जब तक भाजपा की सरकार है केंद्र व प्रदेश में हमें कोई अवसर नहीं मिलेगा। कहा सबने जनता को ठगने का काम किया है जब सरकार सपा और बसपा की रही जनता को धोखा दिया जनता को छला जिस का रिजल्ट जनता ने सपा बसपा कांग्रेस को देकर उन्हें चुनाव क्षेत्र से बाहर किया। इस दौरान जिला महामंत्री सत्यशील गुप्ता, अनिल कुमार सिंह मुनन, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडेय, सुनील मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी टकी गुरु, प्रदेश कार्यसमिति ओम प्रकाश पांडेय, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित पांडेय, सोनू दुबे, दिलीप दुबे, दिलीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजय मोदनवाल, अशोक पाठक, दिलीप यादव, मनोज शुक्ला, राकेश दुबे, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार दुबे, गोरेलाल पांडेय, राजेंद्र मिश्रा, राजेंद्र दुबे, गोवर्धन राय इत्यादि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## भारत ने दिया 'जैसे को तैसा' जवाब तो यूके की निकली हेकड़ी, क्वारंटाइन की शर्त खत्म करने का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की ओर से करारा जवाब मिलने के बाद ब्रिटेन ने अब भारतीय यात्रियों के लिए क्वारंटाइन की शर्त को खत्म करने का ऐलान किया है। ब्रिटेन ने गुरुवार को कहा कि यूके जाने वाले भारतीय यात्रियों के लिए 11 अक्टूबर से कोविशील्ड या फिर उसकी सरकार द्वारा अनुमोदित किसी अन्य वैक्सीन की दोनों डोज लेने वाले को क्वारंटाइन में नहीं रहना होगा। इससे पहले ब्रिटेन की सरकार ने यूके जाने वाले भारतीय यात्रियों के लिए 10 दिनों का क्वारंटाइन अनिवार्य कर दिया था। ब्रिटेन का यह नया निमय 4 अक्टूबर से अमल में आ गया था।

## काबुल में गुरुद्वारे में तोड़फोड़ पर बोला भारत, यह हमरे लिए हीं नहीं बल्कि दुनिया के लिए भी चिंता का विषय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पिछले दिनों गुरुद्वारे में हुई तोड़फोड़ की घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि गुरुद्वारे में तोड़फोड़ की घटना ने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता पैदा कर दी है। विदेस मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में रेखांकित लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर देना जारी रखना चाहिए। तालिबान के संदिग्ध लड़ाके 5 अक्टूबर को गुरुद्वारा कार्ते परवान में घुसने के बाद वहां के गार्डों को बांध दिया और फिर सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया। इसके साथ-साथ लड़ाकों ने गुरुद्वारा के कमरों लगे की तालों को तोड़ दिए और वहां की तलाशी ली। इस घटना के बाद अफगानिस्तान सिख अल्पसंख्यक के भीतर चिंता पैदा हो गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि स्वभाविक है कि यह केवल हमारे लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि मैं समझता हूं कि यह दुनिया के लिए भी है। उन्होंने आगे कहा, यह महत्वपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में रेखांकित लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर देना जारी रखे। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2593 में दर्शाए गए लक्ष्यों की पूर्ति पर जोर देता रहे।

बागची ने कहा कि अफगानिस्तान को लेकर 30 अगस्त को परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव पारित हुआ था। उन्होंने कहा कि इसमें कहा गया है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमान किसी देश के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिये नहीं किया जाना चाहिए। अफगानिस्तान से बाहर जाने को इच्छुक लोगों के लिए सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो।

## ट्रैक पर लौट रही देश की इकोनॉमी, त्योहारी सीजन में बूस्ट की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उद्योग मंडल फिक्की के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, फिच रेटिंग्स ने देश की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को कम कर दिया है। हालांकि, फिच ने भी माना है कि देश की इकोनॉमी पटरी पर है। त्योहारी सीजन का फायदाः फिक्की ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर के बाद अब आर्थिक सुधार अपनी पकड़ मजबूत करता दिखाई दे रहा है। फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण में यह भी कहा कि मौजूदा त्योहारी सत्र में रफ्तार को समर्थन मिलेगा। हालांकि उद्योग संघ ने आगाह किया कि दिवाली के दौरान लोगों की आवाजाही बढ़ने के चलते कोविड मामलों में वृद्धि हो सकती है।

उद्योग मंडल ने कहा, ''फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के




ताजा दौर में 2021-22 के लिए 9.1 प्रतिशत की वार्षिक औसत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। पिछले सर्वेक्षण (जुलाई 2021) में नौ प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया गया था।'' फिक्की ने कहा कि दूसरे हिस्से में मानसूनी बारिश में तेजी और खरीफ के रकबे में बढ़ोतरी से कृषि क्षेत्र की वृद्धि की उम्मीदें बरकरार हैं।

इस बीच, फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को घटाकर 8.7 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2023 के लिए विकास दर का अनुमान 10 फीसदी किया है। एजेंसी का कहना है कि कोविड19 की दूसरी लहर की वजह से इकोनॉमी की रिकवरी में देरी हुई है, हालांकि इकोनॉमी पटरी पर है।

## दुनिया को अलविदा कहने से पहले तीन लोगों को नई जिंदगी दे गया ब्रेन डेड शख्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में एक ब्रेन डेड शख्स ने अपने निधन के बाद अंगदान करके तीन बीमार रोगियों को जीवन दान दिया है। 52 साल के शख्स रक्तस्राव की बीमारी से पीडि.त था। अंग दान करने वाले मरीज का हाल ही में लीवर का ट्रांसप्लांट हुआ था। जिसके बाद अब उसके परिवार वालों ने मरीज का लीवर और किडनी दान करने का फैसला किया। अंग दान करने वाला मरीज के शरीर में दाएं तरफ कमजोरी होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था, हालांकि, मरीज को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। इस बीच परिवार ने अंग दान करने के लिए सहमति दी। इसके बाद मरीज का किडनी और लीवर को राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (ऋऊऊध) द्वारा फोर्टिस में एक प्राप्तकर्ता और दिल्ली के निजी अस्पतालों में दो प्राप्तकर्ताओं को आवंटित किया गया था।फोर्टिस अस्पताल के आधिकारिक बयान के अनुसार, डॉ अनिल मंधानी, कार्यकारी निदेशक, यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस, गुरुग्राम ने अपनी टीम के साथ दोनों किडनी को निकाला और एक निजी अस्पताल की एक अलग टीम ने लीवर को प्राप्त किया। मंधानी ने एक किडनी को एफएमआरआई में 60 वर्षीय महिला में ट्रांसप्लांट किया। दूसरी किडनी और एक लीवर को 51 वर्षीय महिला और 54 वर्षीय पुरुष को दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में आवंटित किया गया। मंधानी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि मैं अंग दान करने वाले दाता और उसके परिवार को सलाम करता हूं कि उन्होंने अंगदान के मूल्यों को महसूस किया और कई रोगियों को जीवन दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को मृत्यू के बाद अंगदान करके जीवन देने के इस नेक कार्य का हिस्सा बनना चाहिए।

## आर्यन खान समेत 8 को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, कोर्ट ने कहा- एनसीबी को मिला पूरा मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा की ‍ँ कस्टडी को लेकर सुनवाई पूरी हो चुकी है। मुंबई की अदालत ने आर्यन खान समेत 8 लोगों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला लिया है। कोर्ट ने कहा है कि ‍ँ को पड़ताल के लिए काफी मौका और समय दिया जा चुका है, इसलिए अब इन्हें न्यायिक हिसारत में भेजा जा रहा है। कोर्ट का कहना है कि अब इस मामले में स्पेशल ‍ऊइए कोर्ट आगे की सुनवाई करेगा। वहीं, वकील सतीश मानेशिंदे ने कोर्ट में आर्यन की तरफ से दलील दी है कि- 'मेरे एक खास दोस्त प्रतीक ने मुझे फोन पर बताया था कि मुझे क्रूज ईवेंट पर ‍ञ्व्ध्ज्ञ् के तौर पर इनवाइट किया गया है। मुझे शायद क्रूज पर ग्लैमर जोड़ने के लिए बुलावा भेजा गया है'। सतीश का कहना है कि 'जहाज पर 1300 से भी ज्यादा लोग थे लेकिन सिर्फ 8 लोगों को ही गिरफ्तार किया गया'। आर्यन के



वकील सतीश मानेशिंदे ने कोर्ट में कहा कि 2 रातों से आर्यन से कोई पूछताछ नहीं की गई है। फिर कस्टडी और बढ़ाने की मांग क्यों की जा रही है? उन्होंने ये भी कहा कि जब तक मुख्य दोषी नहीं मिल जाते, आर्यन को बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता।

लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक एनसीबी ने कोर्ट से मांग की है कि आर्यन खान और उनके दोनों साथियों की कस्टडी 11 अक्टूबर तक बढ़ा दी जाए। एनसीबी ने बताया कि इस केस में अब तक 17 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नया अरेस्ट अचित कुमार का हुआ है जिसे आर्यन खान के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी ने दलील दी है कि अभी और रेड हो सकती हैं और इस वक्त जो गिरफ्तार लोग है उनका नए गिरफ्तार किए लोगों से आमना-सामना होगा, इसलिए इनकी कस्टडी बढ़ा दी जाए। ऊंग्से की रिपोर्ट के मुताबिक, एनसीबी ने कोर्ट में कहा कि पहले गिरफ्तार हुए 8 लोगों के साथ अचित कुमार का आमना-सामना होना इस केस की जांच के लिए जरूरी है। वहीं कोर्ट ने अचित कुमार को 9 अक्टूबर तक एनसीबी की कस्टडी में दिया है। दूसरी ओर अरबाज मर्चेंट के वकील ने जमानत याचिका दायर की है। साथ ही एक और आवेदन किया है जिसमें जहाज के सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की गई है कि क्या एनसीबी ने अरबाज से कुछ बरामद किया है या यह प्लांटेड था।

## लखीमपुर खीरीः केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के घर पर पुलिस ने चिपकाया नोटिस, बेटे आशीष को कल सुबह 10 बजे बुलाया

**लखीमपुर खीरी (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिपोर्ट मांगे जाने के बाद यूपी पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के घर पर नोटिस चिपका दिया है और उनके बेटे को 8 अक्टूबर यानी कल सुबह 10 बजे पेश होने का आदेश दिया है। इस बीच पुलिस ने बताया है कि दो अन्य आरोपियों लवकुश और आशीष पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को हिंसा में 4 किसानों सहित 8 लोगों की मौत के मामले में गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष का नाम मुख्य आरोपी के तौर पर तर्ज है। किसानों की शिकायत पर आशीष के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभी तक पुलिस ने चुप्पी साध रखी थी। हालांकि, गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यूपी पुलिस से रिपोर्ट मांग की है। आईपीसी की धारा 160 के तहत चिपकाए गए नोटिस में पुलिस ने कहा है कि आशीष मिश्रा को 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अपराध शाखा कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन्स में व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। उन्हें लिखित/मौखिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी पेश करने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी कांड में चार किसानों सहित 8 लोगों की हत्या को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को शुक्रवार तक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। इस स्थिति रिपोर्ट में राज्य सरकार को प्राथमिकी में नामित आरोपियों के विवरण के साथ ही यह भी बताना है कि क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## आतंकियों ने बदली रणनीति! अल्पसंख्यकों, निहत्थों और नेताओं को बना रहे निशाना, इस साल 28 की ले चुके जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीनगर में दो गैर-मुस्लिम शिक्षकों की हत्या के बाद कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने मीडिया को जानकारी दी है कि साल 2021 में आतंकवादियों ने कुल 28 आम लोगों की हत्या कर दी है। मारे गए 28 लोगों में से 5 लोग स्थानीय हिंदू और सिख समुदाय से थे। इसके अलावा दो अन्य लोग हिंदू मजदूर थे जो यहां के रहने वाले नहीं थे। आईजी विजय कुमार ने बताया कि यहां कई आतंकवादियों को मौत की नींद सुला दिया गया है और उनके मददगारों की भी कमर टूट चुकी है। जिसकी वजह से इन आतंकवादियों के आका घबरा गये हैं। इन लोगों ने अपनी रणनीति बदल ली है और इन लोगों ने निहत्थे पुलिसकर्मियों, राजनेताओं और अल्पसंख्यक समुदायों से आने वाले पुरुषों और महिलाओं पर हमला करना शुरू कर दिया है। इन सभी केसों में आतकंवादी पिस्टल का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हमला आतंकी संगठन में शामिल होने वाले नये आतंकी कर रहे हैं। बता दें कि




जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर बढ़े हमलों के बीच श्रीनगर के ईदगाह इलाके में बृहस्पतिवार को आतंकवादियों ने एक महिला प्रधानाध्यापक समेत सरकारी विद्यालय के दो शिक्षकों की गोली मार कर हत्या कर दी। पिछले पांच दिनों में घाटी में सात नागरिकों की हत्या हुई है, जिनमें से छह की हत्या शहर में हुई है। मृतकों में से चार लोग अल्पसंख्यक समुदाय से थे। गवर्नमेंट ब्वॉयज सेकेंडरी स्कूल, ईदगाह की प्रधानाध्यापक सुपिंदर कौर और शिक्षक दीपक चंद की सुबह करीब सवा 11 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस समय स्कूल में कोई छात्र नहीं था। इस वारदात की खबर फैलते ही शहर और घाटी के कुछ हिस्सों में एक तरह का भय व्याप्त हो जाने के बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि कश्मीर में नागरिकों, खासकर अल्पसंख्यकों की लक्षित हत्या का मकसद भय का माहौल बनाना और सदियों पुराने सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाना है। सिंह ने स्कूल में संवाददाताओं से कहा, 'यह दरिंदगी, वहशत और दहशत का मेल है। इस स्कूल का परिसर काफी फैला हुआ है और बड़े मैदान तथा तीन मंजिला इमारतें हैं लेकिन कोई सीसीटीवी नहीं है।' सिंह ने कहा कि जो लोग मानवता, भाइचारे और स्थानीय मूल्यों को निशाना बना रहे हैं, वे जल्द ही बेनकाब होंगे। उन्होंने हालिया हमलों को कश्मीर के मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने की कोशिश बताते हुए आरोप लगाया कि आतंकवादी 'पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहे हैं' ताकि घाटी में शांति बहाली में बाधा डाली जा सके।

श्रीनगर की सिख सुपिंदर कौर और जम्मू के हिंदू दीपक चंद की हत्या के दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित समूह 'द रेसिस्टेंस फोर्स' ने मंगलवार को तीन लोगों की मौत की जिम्मेदारी ली थी। श्रीनगर के जानेमाने फार्मासिस्ट तथा कश्मीरी पंडित माखन लाल बिंदरू की उसी शाम उनकी दुकान पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके कुछ मिनट बाद ही बिहार के एक चाट विक्रेता वीरेंद्र पासवान की भी हत्या कर दी गयी थी। इसके अलावा लगभग उसी समय एक अन्य नागरिक मोहम्मद शफी लोन की , बांदीपोरा में हत्या कर दी गयी थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिंह ने कहा, '' पिछले कुछ दिनों से कश्मीर में नागरिकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं नृशंस हैं। ऐसे निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जो समाज के लिए काम कर रहे हैं और जिनका किसी से भी कोई लेना-देना नहीं है। यह कश्मीर में डर का वातावरण पैदा करने और सांप्रदायिक रंग देकर यहां के सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश है। सिंह ने कहा, '' यह कश्मीर के स्थानीय मुसलमानों को बदनाम करने की कोशिश है। यह उन लोगों को निशाना बनाने की कोशिश है जो रोजी-रोटी कमाने यहां आते हैं। यह कश्मीर में सांप्रदायिक सौहार्द और भाइचारे की सदियों पुरानी परंपरा को नुकसान पहुंचाने की साजिश है... कश्मीर के लोग इस षडयंत्र को नाकाम करेंगे। हम साथ मिलकर काम करेंगे और उनके मकसद को नाकाम करेंगे।

## राजदूत को ऑस्ट्रेलिया भेजने को राजी हुआ फ्रांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस के अपने राजदूत को वापस कैनबरा भेजने के फैसले का स्वागत किया है. एक समझौता तोड़ने से नाराज फ्रांस ने पिछले महीने अपना राजदूत वापस बुला लिया था.फ्रांस ने अपना राजदूत ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने इस फैसले का स्वागत किया. गुरुवार को मीडिया से बातचीत में मॉरिसन ने कहा कि ऐसा होना ही था क्योंकि दोनों देशों के संबंध एक समझौते से कहीं ज्यादा बड़े हैं. ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस से 2016 में हुआ 60 अरब डॉलर से ज्यादा का परमाणु खरीद समझौता एकाएक तोड़ दिया था जिसके बाद नाराज फ्रांस ने अपना राजदूत वापस बुला लिया था. तब से दोनों देशों के संबंधों में लगातार तनाव बना हुआ है. तस्वीरों मेंः सिर्फ छह देशों के पास हैं परमाणु पनडुब्बियां मॉरिसन ने इस बात से इनकार किया कि ऑस्ट्रेलिया को फ्रांस के साथ अपने संबंध दोबारा बनाने की जरूरत होगी. उन्होंने कहा, ठहम पहले से सहयोगी हैं. देखिए, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस के रिश्ते एक समझौते से बड़े हैं.ङ्ग ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री



ने कहा कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया विविध विषयों पर साथ काम करते हैं. उन्होंने कहा, ठहिंद-प्रशांत में फ्रांस की अहमियत, प्रभाव और मौजूदगी सिर्फ एक समझौते पर आधारित नहीं है।यह इस तथ्य पर आधारित है कि फ्रांस असल में यहां मौजूद है. उनकी एक लंबी प्रतिबद्धता है और ऑस्ट्रेलिया के साथ वे विविध मुद्दों पर काम करते हैं.ङ्ग क्यों नाराज था फ्रांस? फ्रांस ऑस्ट्रेलिया के साथ करीब 60 अरब डॉलर का समझौता रद्द किए जाने से नाराज था. अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और युनाइटेड किंग्डम ने मिलकर एक नया रक्षा समूह बनाया है जो विशेषकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर केंद्रित होगा. इस समूह के समझौते के तहत अमेरिका और ब्रिटेन अपनी परमाणु शक्तिसंपन्न पनडुब्बियों की तकनीक ऑस्ट्रेलिया के साथ साझा करेंगे जिसके आधार पर ऐडिलेड में नई पनडुब्बियों का निर्माण होगा. इस कदम को क्षेत्र में चीन के बढते प्रभाव के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है. लेकिन नए समझौते के चलते फ्रांस की जहाज बनाने वाली कंपनी नेवल ग्रुप का ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ समझौता खत्म हो गया है. नेवल ग्रुप ने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के साथ समझौता किया था जिसके तहत पनडुब्बियों का निर्माण होना था. ये पनडुब्बियां ऑस्ट्रेलिया की दो दशक पुरानी कॉलिन्स पनडुब्बियों की जगह लेतीं. अब ऑस्ट्रेलिया अपनी पनडुब्बी अमेरिका से मिली तकनीक पर बनाएगा।

## ब्रिटेन में भी महंगाई की मार से बेहाल लोग, हर परिवार पर 1.80 लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ

**लंदन (एजेंसी)।** कोरोनाकाल में भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के बड़े देश भी महंगाई की मार से बेहाल हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं, श्रमिकों की कमी



और ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते ब्रिटेन में महंगाई की मार चरम पर पहुंच गई है। सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (सीईबीआर) के हालिया अध्ययन में साल के अंत तक देश में चार लोगों के परिवार पर 1800 पाउंड (लगभग 1.80 लाख रुपये) का अतिरिक्त बोझ पड़ने का अनुमान जताया गया है। वहीं, सेवानिवृत्त जोड़ों की बात करें तो यह आंकड़ा 1100 पाउंड (करीब 1.10 लाख रुपये), जबकि कम आय वाले दंपत्ति के मामले में 900 पाउंड (लगभग 90 हजार रुपये) आंका गया है। इससे पहले, बैंक ऑफ इंग्लैंड ने आशंका जताई थी कि 2021 के अंत तक ब्रिटेन में महंगाई दर चार फीसदी के करीब पहुंच जाएगी। वहीं, सुपरमार्केट श्रृंखलाओं ने खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कम से कम पांच प्रतिशत का इजाफा होने का अंदेशा जाहिर किया है।ब्रिटेन में ईंधन की दरों में भी जबरदस्त वृद्धि देखने को मिल रही है। एक अनुमान के मुताबिक डेढ़ करोड़ से अधिक परिवारों को सालाना 140 पाउंड (लगभग 14 हजार रुपये) अतिरिक्त बिजली का बिल चुकाना पड़ रहा है। वहीं, पेट्रोल का दाम सितंबर 2013 के बाद के उच्चतम स्तर यानी 136.10 पाउंड प्रति लीटर पर पहुंच गया है।


**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025


## दुबई के शेख अपनी पूर्व पत्नी हया को डरा-धमका रहे, उसके पास प्रॉपर्टी खरीदने की कोशिश की, पेगासस से करवाई जासूसी?

**लंदन (एजेंसी)।** दुबई के शासक हैं शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मख्तूम। विवादों में बने रहते हैं। ताजा मामला उनकी पूर्व पतनी और जॉर्डन की राजकुमारी हया हिंत अल-हुसैन से जुड़ी हुई है। शेख मोहम्मद ने ब्रिटेन में बिक्री के लिए सबसे महंगी संपत्तियों में से एक को खरीदने की कोशिश की थी। यह प्रॉपर्टी हया हिंत की प्रॉपर्टी के नजदीक थी।

अब ब्रिटेन की एक अदालत ने शेख मोहम्मद के इस कदम को डरावना बताया है। रिपोट्र्स के मुताबिक हया हिंत ने कानूनी लड़ाई के रूप में लंदन के उच्च न्यायालय में इस मामले को उठाया था। शेख पर इजरायली स्पाईवेयर पेगासस के जरिए हया के फोन हैक करने के आरोप भी लगे हैं। मोहम्मद के लिए काम कर रहे एजेंट्स करीब 307 करोड़ रुपये में इस प्रॉपर्टी को खरीदने वाले थे लेकिन सौदा पूरा होने से कुछ हफ्ते पहले शेख की टीम ने इस सौदे से बाहर निकलने का फैसला किया था।

इंग्लैंड और वेल्स में फैमिली डिवीजन के अध्यक्ष जज एंड्रयू



मैकफर्लेन, जिन्होंने पहले फैसला सुनाया था कि 2019 में इंग्लैंड भाग जाने के बाद से शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मख्तूम ने हया के खिलाफ एक धमकी भरा अभियान चलाया था, उन्होंने संपत्ति के कदम को भयावह माना है। उन्होंने कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह कदम जानबूझकर शेख द्वारा उठाया जा रहा था। हया ने कोर्ट को लिखित बयान में कहा है कि उन्हें डर है कि शेख उसकी और उसके वकीलों के फोन को हैक करने की कोशिश में हैं या शायद अपने दो बच्चों के अपहरण करने की कोशिश में लगे हैं।

उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता है कि मेरा पीछा किया जा रहा है। शेख मोहम्मद या उनकी ओर से कैसलवुड के आसपास की संपत्ति खरीदने की संभावना भयानक और पूरी तरह से खराब है।

हया के वकीलों ने बताया है कि हमें 2019 के आखिर में पहली बार शेख की योजनाओं के बारे में पता चला था। 2020 के आखिर में हया को जानकारी मिली थी कि शेख से जुड़े एक ट्रस्ट ने उसके पिता द्वारा उसे सौंपें गए प्रॉपर्टी को खरीदने की कोशिश की थी। मामला आगे बढ़ा तो ट्रस्ट ने कोर्ट ने कहा था कि वह अगले कुछ दिनों में प्रॉपर्टी खरीद लेंगे। फिर बाद में शेख के एजेंट्स ने बताया कि वह संबंधित प्रॉपर्टी को नहीं खरीद रहे हैं। बाद में कोर्ट ने शेख को हया के घर के 100 मीटर के रेंज में किसी भी तरह की प्रॉपर्टी की खरीद या किराए पर रोक लगा दी थी। हालांकि हया ने शेख का दायरा करीब 15 किलोमीटर दूर रखने की अपील की थी।

## तालिबान से दोस्ती कर टेंशन दूर करेगा रूस? बातचीत के लिए बुलाएगा मॉस्को

**मॉस्को (एजेंसी)।** बंदूक के दम पर अफगानिस्तान में सत्ता कब्जाने वाले कट्टर इस्लामिक समूह तालिबान से रूस नजदीकी बढ़ाने जा रहा है। रूस तालिबान के प्रतिनिधियों को अफगानिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय बातचीत के लिए मॉस्को बुलाएगा। 20 अक्टूबर को यह बातचीत हो सकती है। अफगानिस्तान पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष प्रतिनिधि ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हालांकि, जामिर काबुलोव ने बातचीत का अधिक ब्योरा नहीं दिया। रूसी न्यूज एजेंसियों ने यह खबर दी है। अगस्त में विदेशी सैनिकों की वापसी से पहले ही तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा जमा लिया और अमेरिकी समर्थित सरकार गिर गई। रूस इस बात से आशंकित है कि इस्लामिक उग्रवादी समूह मध्य एशिया के पूर्व सोवियत गणराज्यों में घुसपैठ कर सकता है।